जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 207 प्रभात कोटा, शनिवार 11 मई, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*वैज्ञानिकों को जाएंट रिवर डॉल्फिन की खोपड़ी का एक जीवाश्म मिला है। समझा जाता है कि डॉल्फिन की यह प्रजाति पहले समुद्र में रहती थी और 16 मिलियन वर्ष पूर्व पेरु की एमेज़ॉन नदी में रहने लगी थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि, विलुप्त प्रजाति की ये डॉल्फिन साढ़े तीन मीटर लम्बी रही होंगी, जिसे विश्व की सबसे लम्बी रिवर डॉल्फिन कहा जा सकता है। इस नई प्रजाति, पेबानिस्टा याकूरुना की खोज ने विश्व की बची खुची रिवर डॉल्फिन्स के खतरे को उजागर कर दिया है। शोध के अनुसार, आगामी 20-40 वर्षों में इन सभी को ऐसे ही खतरे का सामना करना पड़ेगा। साईन्स एडवांसेज़ में छपे इस शोध में मुख्य शोध लेखक आल्डो बेनीते पालमीनो ने कहा कि, यह नई प्रजाति डॉल्फिन की प्लाटानिस्टोइडिआ फैमिली से संबंधित है, जो 24 मिलियन और 16 मिलियन वर्ष पूर्व महासागरों में मिलती थीं। इस समय जो रिवर डॉल्फिन्स हैं, वे इन्हीं समुद्री डॉल्फिन्स की वंशज मानी जाती हैं। माना जाता है कि, इन्होंने नए भोजन स्रोत की तलाश में समुद्र को छोड़कर मीठे पानी वाली नदियों को अपना आवास बनाया था। वैज्ञानिक बेनीते पालमीनो ने वर्ष 2018 में पेरु में इस जीवाश्म की खोज की थी, तब वे स्नातक छात्र थे और अब युनिवर्सिटी ऑफ ज़्यूरिख में रिसर्च कर रहे हैं। उस समय अपने साथी के साथ घूमते समय उन्हें सबसे पहले जबड़े का एक टुकड़ा मिला था। वे पहचान गए कि यह जीवाश्म डॉल्फिन का था, लेकिन यह एमेज़ॉन में मिलने वाली पिंक रिवर डॉल्फिन का नहीं था। क्योंकि यह किसी बड़े आकार की डॉल्फिन का लग रहा था, जिसके सबसे करीबी रिश्तेदार इस समय दस हजार कि.मी. दूर साउथ ईस्ट एशिया में रहते हैं। ज़्यूरिख युनिवर्सिटी के जीवाश्म विभाग के निदेशक मारसैलो आर. सैन्चेज़ विसाग्रा ने कहा कि, यह खोज बहुत रोचक है। इस तरह की डॉल्फिन की खोज पहली बार हुई है। बेनीते ने कहा कि, डॉल्फिन का यह जीवाश्म अपने आकार की वजह से महत्वपूर्ण तो है ही साथ ही इस वजह से भी खास है क्योंकि, इसका इस समय एमेज़ॉन नदी में मिलने वाली डॉल्फिन्स से कोई सम्बंध नहीं है। जीवाश्म के वर्तमान जीवित रिश्तेदार, जो गंगा और सिंधु नदी में पाए जाते हैं, सहित सभी रिवर डॉल्फिन विलुप्ति के खतरे से जूझ रही हैं।*

# एक जून तक के लिये केजरीवाल जेल से अंतरिम जमानत पर रिहा

## उनकी रिहाई से मीडिया व राजनीतिक नेता अचंभित, क्योंकि, अधिकतर चर्चा यह थी कि, केजरीवाल को किसी हालत में जमानत नहीं मिलेगी

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुश्किलें और बढ़ गईं हैं।

शुक्रवार शाम उन्हें तिहाड़ जेल से छोड़ दिया गया। कार्यकर्ताओं की भीड़ ढोल और गाजे- बाजे के साथ उन्हें घर ले गई।

केजरीवाल को एक जून तक के लिए जमानत मिली है। इससे सत्तारुढ भाजपा और मीडिया को भारी झटका लगा है क्योंकि चर्चा यही थी कि केजरीवाल को किसी भी सूरत में जमानत नहीं मिल सकती। पर केजरीवाल ने हर मुश्किल का सामना किया, अब वे दिल्ली, पंजाब यहां तक कि उत्तरप्रदेश में भी मोदी का मुकाबला करने को तैयार हैं। उम्मीद है कि वे इन राज्यों में गहन चुनाव प्रचार करेंगे।

- **यह सच है कि, जब से मु.मंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई थी तथा उन्हें तिहाड़ जेल में कैद रखा गया था, उनके प्रति दिन पर दिन सहानुभूति पैदा हो रही थी जनमानस में।**
- **अब दिल्ली की सात संसदीय सीटों पर तीव्र संघर्ष होगा, क्योंकि चर्चा है कि, केजरीवाल अब धुंआधार चुनाव अभियान चलायेंगे दिल्ली में।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को इस शर्त पर रिहा किया है कि, वे ना तो अपने दफ्तर जायेंगे, ना ही मु.मंत्री कार्यालय जायेंगे और ना ही किसी ऑफिशियल फाइल पर दस्तखत करेंगे। पर, वे चुनाव प्रचार के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र हैं, उन पर कोई पाबंदी नहीं है।**

जब से केजरीवाल को गिरफ्तार कर जेल में डाला गया है तब से उनके लिए जमीनी स्तर पर बेहद गरीब वर्गों में सहानुभूति बढ़ रही है।

वे सवाल कर रहे हैं कि चुनाव से ठीक पहले एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया है? वे कहते हैं केजरीवाल ने गरीबों को बहुत ज्यादा राहत दी है इसीलिए वे मोदी की आंखों में चुभ रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि उनकी रिहाई के बाद भाजपा दिल्ली की सातों सीटों पर मुश्किल में आ गई है, क्योंकि अब केजरीवाल इन सीटों पर भारी प्रचार करेंगे।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन है। आप 4 सीटों पर कांग्रेस 3 सीटों पर मैदान में है।

आशंकाएं थी कि दोनों दलों के कार्यकर्ता एक दूसरे की पार्टियों के लिए काम नहीं करेंगे। पर सभी कार्यकर्ता और नेताओं का मत है कि अभी ज्यादा महत्वपूर्ण है भाजपा को हराना, आपसी मतभेद तो बाद में भी हल किए जा सकते हैं।

केजरीवाल से सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वे ना तो अपने ऑफिस जा सकते हैं ना ही किसी फाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें देशभर में भाजपा के खिलाफ प्रचार से नहीं रोका है। इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने केजरीवाल की रिहाई पर बधाई दी और कहा कि इससे विपक्ष की ताकत बढ़ी और भाजपा कमज़ोर पड़ी है।

# हेमंत सोरेन के समर्थक अति उत्साहित है, केजरीवाल की रिहाई ने राह दिखा दी है, झारखण्ड के मु.मंत्री की भी रिहाई की

## हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना, जो पार्टी की नेता भी हो गयी हैं, ने कहा, ''हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है, हमें शीघ्र ही शुभ समाचार मिलेगा कोर्ट से''

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। ''इण्डिया ब्लॉक'' और ''आप'' पार्टी के नेता, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने पर उत्साहित हैं क्योंकि यह अब विपक्ष के चल रहे चुनाव प्रचार में नया जोश भर देगा, लेकिन इस घटनाक्रम ने झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) के सदस्यों में बड़ी आशाएं जगा दी हैं। शीर्ष न्यायालय ने केजरीवाल को सशर्त जमानत देने के बाद जे.एम.एम. के नेता खुश हैं क्योंकि इस आदेश से एक नज़ीर बन गई है जिसके आधार पर हेमंत सोरेन के जेल से छूटने के प्रयास किए जा सकते हैं। हेमंत सोरेन भी एक आन्य विपक्षी मुख्यमंत्री हैं जो भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण जेल में हैं।

- **कल्पना सोरेन ने इन तर्कों को खारिज कर दिया कि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से गलत परम्परा पड़ी है कि, राजनीतिज्ञ (नेता लोग) एक अलग व सोशल क्लास हैं।**
- **कल्पना सोरेन के अनुसार, चुनाव प्रचार में भाग लेना और अपनी पार्टी के लिये प्रचार करके वोट मांगना संवैधानिक अधिकार है तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से सभी चुनाव लड़ने वालों के लिये, ''लैवल प्लेईंग फील्ड'' स्थापित हुई है।**

हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना जो हाल ही में जे.एम.एम. में सक्रिय पद पर आई हैं, ने कहा, हम आशावान ही नहीं बल्कि हमें पक्का यकीन है कि, ''बहुत जल्दी हमको न्यायालय से खुशखबरी मिलेगी।'' उन्होंने आगे कहा, ''केजरीवाल के केस का फैसला निश्चित रूप से हमारे लिए ऊर्जादायक है। इससे हम सबको, हर जे.एम.एम. पार्टी कार्यकर्ता को और ''इण्डिया'' गठबंधन को उम्मीद बंधी है। हमको खुशी है कि केजरीवाल बाहर आ गये हैं और हेमंत सोरेन के लिए भी हम यही आशा करते हैं।

कल्पना ने इन दलीलों को नकार दिया कि उच्चतम न्यायालय ने राजनीतिज्ञों को आम आदमी से अलग मानते हुए एक गलत उदाहरण पेश किया है और कहा कि आदेश संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार था। जे.एम.एम. नेता कल्पना ने आगे कहा, ''आम चुनाव पांच साल में एक बार ही आते हैं। राजनीतिज्ञ होने के नाते प्रचार करना, जनादेश मांगना और चुनाव लड़ना हमारा हक है। आज के समय में, सभी को अवसर मिलने चाहिए ताकि संविधान को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे अनर्गल आरोप न लगाएं'

नई दिल्ली, 10 मई। चुनाव आयोग ने मौजूदा लोकसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में विसंगति के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छह मई के पत्र में उठाए गए सवालों को आक्षेप और आरोप बताते हुए को शुक्रवार को खारिज कर दिया।

आयोग ने खड़गे को भेजे गए विस्तृत जवाब में यह भी कहा है कि, उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी उस पत्र में संबंधित मुद्दे पर सवाल पूछने की आड़ में एक वक्तव्य दिया जो सार्वजनिक तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में असत्य है।

- **चुनाव आयोग ने मतदान आंकड़ों में विसंगति के आरोप के संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा लिखी गई चिट्ठी का जवाब देते हुए कहा।**

खड़गे ने छह तारीख को आयोग को लिखे पत्र में छह सवाल उठाए थे और उस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डाल दिया था। आयोग ने कहा है कि, पत्र में लिखा है कि ''इतिहास में पहली बार मतदान के अंतिम प्रतिशत आंकड़े जारी करने में देरी की गयी है और उसमें मीडिया की विभिन्न खबरों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शराब के ठेके चलाने की अवधि जबरन बढ़ाने का आदेश रद्द

## हाईकोर्ट ने लगभग 500 लाइसेंस धारकों को राहत देते हुए राज्य सरकार के आदेश को रद्द किया है

जयपुर, 10 मई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के 13 मार्च 2024 के उस आदेश को रद्द कर दिया है जिसके तहत शराब के ठेकों के लाइसेंस धारकों को 30 जून 2024 तक शराब की दुकानें संचालन करने के आदेश दिये गये। गौरतलब है कि प्रदेश में करीब 7000 शराब ठेकों के लाइसेंस धारकों में से 4000 ने जनवरी-फरवरी, 2024, में आयोजित शराब के ठेकों के लाइसेंस की नीलामी में भाग नहीं लिया था। परंतु राज्य सरकार ने सभी भाग ना लेने वाले पुराने लाइसेंसधारकों की लाइसेंस अवधि का समय एकतरफा कार्रवाई करते हुए तीन माह और बढ़ा दिया था, जिसके खिलाफ कृष्णा शर्मा व 275 अन्य याचिकाकर्ताओं ने जयपुर स्थित हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और वहीं करीब 200 अन्य लाइसेंस धारकों ने जोधपुर में याचिका दायर की थी। आज जयपुर में सुनवाई के बाद जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ के इस आदेश से इन करीब 500 लाइसेंसधारकों को राहत मिली है। इस मामले में लाइसेंसधारकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.बी.माथुर और उनके सहायक अधिवक्ता पलक माथुर पेश हुए थे और अदालत में इस मामले को अधिवक्ता अचिंत्य कौशिक ने दायर

- **राज्य सरकार ने नई लिकर पॉलिसी के तहत जनवरी-फरवरी में 7000 शराब ठेकों के लाइसेंस के लिये निविदा आमंत्रित की थी लेकिन करीब 4000 पुराने लाईसेंस धारकों ने इसमें भाग नहीं लिया। उनका कहना है कि, उन्हें नई नीति से तय दर पर राजस्व देने में घाटा हो रहा है।**
- **इन 4000 लाइसेंस धारकों में से करीब 500 ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। उनका कहना था कि, राज्य सरकार उनके लाइसेंस की अवधि बढ़ाकर उन्हें घाटे पर कार्य करने पर विवश नहीं कर सकती। उन्होंने कोर्ट से यह भी कहा कि, राज्य सरकार ने उनकी सुरक्षा राशि लौटाने से मना कर दिया, जब तक कि बढ़ाई गई अवधि का समय समाप्त नहीं हो जाता।**
- **हालांकि, अदालत को यह नहीं बताया गया है कि, लाइसेंस धारकों को नई पॉलिसी के तहत घाटा क्यों हो रहा है, जबकि नई पॉलिसी और पुरानी पॉलिसी में कोई खास परिवर्तन नहीं है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न पाकिस्तान से डरना चाहिए'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। कांग्रेस ने अपने पूर्व सांसद मणि शंकर अय्यर के द्वारा पाकिस्तान पर की गई टिप्पणी से अधिकृत रुप से स्वयं को अलग कर लिया है, परंतु भाजपा के केन्द्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस का यह एक पैटर्न बन गया है कि उसके नेताओं द्वारा दिए गए बयानों से खुद को अलग कर लेती है

- **कांग्रेस ने अपने पूर्व सांसद मणिशंकर अय्यर के इस बयान से हालांकि दूरी बना ली है, पर भाजपा इस बयान के आधार पर कांग्रेस को निशाना बना रही है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'चुनाव प्रचार में भाग लेना न तो ''फंडामैंटल राईट'' है, न ही संवैधानिक अधिकार और न ही कानूनी अधिकार'

## ई.डी. के वकील व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल की यह दलील सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार नहीं की

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। सुप्रीम कोर्ट ने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर दृढ़ रहते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को आज 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया। उन्हें अंतरिम जमानत देने से पूर्व एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने भारी आपत्तियाँ जतायीं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत मंजूर करते हुए उन्हें वर्तमान लोकसभा चुनाव में प्रचार करने की अनुमति प्रदान की। केजरीवाल दिल्ली के आबकारी घोटाले से संबंधित एक मनी लॉण्ड्रिंग केस को लेकर गिरफ्तार किए गए थे।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की एक बैंच ने कहा कि ''हम 1 जून तक अंतरिम जमानत प्रदान करने के लिए एक अंतरिम आदेश जारी कर रहे हैं।

इसी बैंच ने गत 7 मई को यह स्पष्ट संकेत दिया था कि लोकसभा चुनावों को देखते हुए केजरीवाल को एक सीमित अवधि के लिए रिहा किया जा सकता है।

केजरीवाल की पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने बैंच से अनुरोध किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को कुछ और दिन बाहर रहने दिया जाए क्योंकि वोटों की गिनती 4 जून को होगी, तथापि बैंच ने उनकी इस मांग को स्वीकार नहीं किया।

सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ''ऐसा कोई पूर्व उदाहरण मौजूद नहीं है जिसमें किसी व्यक्ति को चुनाव प्रचार के लिए रिहा किया गया हो।''

इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि ''हमें यह किसी धारणा से नहीं जोड़ना है। हम आदेश पारित कर रहे हैं।''

- **सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मु.मंत्री को 21 दिन की अंतरिम जमानत पर रिहा किया।**
- **सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई का आदेश देते हुए यह भी कहा कि, केजरीवाल बार-बार सम्मन मिलने के बाद भी, न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए तथा उनके खिलाफ एक गंभीर मुकदमा चल रहा है, पर, उन्हें अभी दोषी करार नहीं किया गया है, और वो आदतन अपराधी नहीं हैं, और न ही समाज को उनसे कोई खतरा है, अतः उन्हें अंतरिम जमानत पर 21 दिन के लिये रिहा किया जाता है।**

एडीशनल सॉलीसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि ''केजरीवाल इस केस के बारे में कुछ नहीं कह सकते है,'' तो जस्टिस खन्ना ने कहा कि ''संजय सिंह के प्रकरण की भांति उतने ही मजबूत बयान से आप उन्हें जवाब दे सकते हैं।

गत 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए केजरीवाल वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा गत 9 अप्रेल को दिए गए निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को जायज़ माना था। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने केजरीवाल को 20 मई तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने के आदेश दिए थे।

आम आदमी पार्टी (आप) के सीनियर नेता संजय सिंह को भी आबकारी नीति घोटाले से संबंधित केस में 4 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने गत 2 अप्रेल को उनकी जमानत मंजूर कर ली थी।

संजय सिंह के केस में ई.डी. ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि उन्हें जमानत पर रिहा करने में उसे कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, ई.डी. ने यह भी स्पष्ट किया था कि सिंह को दी गई न्यायिक छूट को एक नज़ीर ना माना जाए।

''आप'' के दो अन्य सीनियर नेता दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन, मनी लॉण्ड्रिंग के दो अलग-अलग केसों में अभी जेल में ही बंद हैं।

10 मई की अहम सुनवाई से ठीक पहले ई.डी. ने एक ताजा शपथ पत्र प्रस्तुत कर इस पर जोर दिया था कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल को सशर्त जमानत

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 मई। न्यायाधीश संजीव खन्ना व दीपांकर दत्ता की सुप्रीम कोर्ट बैंच ने दिल्ली के मुख्यमंत्री से कहा कि वे शराब नीति घोटाला के बारे में कुछ भी नहीं बोलेंगे यही बात कोर्ट ने इसी मामले से संबंधित पिछले माह आप पार्टी के नेता संजय सिंह को जमानत देते समय कही थी। यही शर्त उन पर भी लगाई थी।

- **दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने एक जून तक के लिए 5 शर्तों पर जमानत दी है।**

उन्हें वर्तमान लोकसभा चुनावों के दौरान केवल आप पार्टी का प्रचार करने के लिए अनुमति प्रदान की गई है।

केजरीवाल को इस जमानत अवधि में मुख्य मंत्री के बतौर कोई भी अधिकारिक कार्य करने की इजाजत नहीं दी गई है और वो इस अवधि के दौरान उनके दिल्ली सचिवालय स्थित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**पति के किये पत्नी कार्य में मंत्री के समान सलाह देने वाली, सेवा में दासी के समान काम करने वाली, माता के समान सुन्दर भोजन बनाने वाली, धर्म के अनुकूल और क्षमादी गुण धारण करने में पृथ्वी के समान स्थिर रहने वाली होती है। –संस्कृत सूक्ति**

# असंगठित क्षेत्र में महिला कामगारों की बढ़ती भागीदारी

बात भले ही थोडी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही बयां करती हैं कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई–श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। देखा जाए तो असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केन्द्र सरकार के ई–श्रम पोर्टल की ही बात करे तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। दरअसल बात भले ही कुछ भी की जाती हो पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही थी और कर रही है। भले ही व्हाईट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं है।

भारत सरकार के ई श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में है तो आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक है। दरअसल देखा जाएं तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। शहरों में घरेलू कामकाज और रियल स्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती किसानी क्षेत्र से जुडे हुए हैं। इसका अर्थ साफ–साफ यह हुआ कि खेती किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दो राय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है।

**बात भले ही थोड़ी अजीब लगे पर वास्तविकता तो यही बयां करती हैं कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केन्द्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। देखा जाए तो असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है।**

दरअसल गली कुचें में बनिये की दुकान, चाय पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले श्रमिक, चौकटियों में कारीगारी–बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले श्रमिक, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले श्रमिक, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली–मोहल्ले में घूमने वाले वेण्डर्स और इसी तरह के स्थाई काम नहीं करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल है। संगठित क्षेत्र के श्रमिक अपनी संख्या बल के आधार पर अपनी बात मनवाने में सफल रहते हैं पर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्याएं हैं और उन्हें कुछ हद तक दूर करवाये जाने के प्रयास जारी रहे हैं। श्रमिकों से जुड़े गैर सरकारी संगठनों द्वारा भी समय समय पर आवाज उठाई जाती है और उसी का परिणाम है कि सरकारें अब असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की सुरक्षा योजनाओं के लिए गंभीर प्रयास करने लगी है।

दरअसल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि पूरे महीने रोजगार मिलेगा या नहीं व पूरे महीने की पगार मिलेगी, इसकी कोई गॉरन्टी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती। इसका अर्थ यह हुआ कि सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना बेमानी होगी। मोटे रुप से रोजगार, सुरक्षा और स्वास्थ्य व आवश्यक सुविधाओं की सुलभता असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दूर की कोड़ी ही मानी जा सकती है। हांलाकि असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर होने लगी है। पहली बात यह कि श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से सरकार के सामने वास्तविक तस्वीर सामने आने लगी है। सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, श्रम योगी मान धन योजना, अटल पेंशन योजना और इसी तरह की अन्य योजनाओं से जोड़कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के प्रयास किये गये हैं।

अब देश दुनिया में श्रमिक आंदोलन का समय तो करीब–करीब समाप्त ही हो चुका है। ऐसे में इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी संगठनों, सामाजिक संगठनों आदि को आगे आना होगा और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आवाज बनना होगा और अब तो चूंकि असंगठित श्रेत्र में पुरुषों की अपेखा महिला श्रमिक अधिक है तो फिर और भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। सरकार को भी इस क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समधान के लिए फोकस करना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 11 मई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, मृगशिरा नक्षत्र दिन 10:15 तक, सुकर्मा योग दिन 10:02 तक, वणिज करण दिन 2:27 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–मीन, बुध–मेष, गुरू–वृष, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग प्रातः 7:02 तक है और प्रातः 10:15 से पुनः आरम्भ होगा। भद्रा दिन 2:27 से रात्रि 7:04 तक रहेगी। आज विनायक चतुर्थी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:25 से 9:04 तक, चर 12:19 से 2:03 तक, लाभ–अमृत 2:03 से 5:21 तक।


**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:45, सूर्यास्त 7:01

**मेष**




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**




आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु**




परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृष**




आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**कन्या**




व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**मकर**




घर–परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**




आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**तुला**




नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। सम्भावित धन प्राप्त होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**




व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी और मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**वृश्चिक**



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मीन**



घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# भारतीय राजनीति में दल–बदल



**प्रो. अशोक कुमार**

दल बदल, जिसे राजनीतिक दल–बदल भी कहा जाता है, एक ऐसी प्रथा है जिसमें कोई निर्वाचित प्रतिनिधि उस राजनीतिक दल को छोड़ देता है जिसके टिकट पर वह चुनाव जीता था और दूसरे दल में शामिल हो जाता है।

**इतिहासः–** भारत में दल बदल की प्रथा स्वतंत्रता से पहले से ही मौजूद थी, लेकिन 1960 के दशक में गठबंधन सरकारों के उदय के साथ यह अधिक आम हो गई। 1980 के दशक में, दल बदल ने भारतीय राजनीति में अस्थिरता पैदा कर दी, जिसके कारण अक्सर सरकारें गिर जाती थीं।

**दल बदल विरोधी कानूनः-** 1985 में, दल बदल को रोकने के लिए 52वें संविधान संशोधन के माध्यम से दसवीं अनुसूची को संविधान में जोड़ा गया। इस कानून के तहत, यदि कोई निर्वाचित प्रतिनिधि दल बदल करता है, तो उसे अपनी सीट से अयोग्य घोषित किया जा सकता है और उसे अगले कुछ वर्षों तक चुनाव लड़ने से वंचित किया जा सकता है।

**दल बदल के कारणः-** दल बदल के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं:–

**वैचारिक मतभेदः-** कभी–कभी, निर्वाचित प्रतिनिधि उस राजनीतिक दल की विचारधारा से सहमत नहीं रह जाते हैं जिसके टिकट पर उन्होंने चुनाव लड़ा था।

**राजनीतिक महत्वाकांक्षा :-** कुछ निर्वाचित प्रतिनिधि अधिक शक्ति या पद प्राप्त करने के लिए दल बदलते हैं।

**पैसे या अन्य प्रलोभनः-** कभी–कभी, निर्वाचित प्रतिनिधियों को दूसरे दल में शामिल होने के लिए रिश्वत या अन्य प्रलोभन दिए जाते हैं।

**विरोधी दल द्वारा दबावः-** विरोधी दल कभी–कभी सत्ताधारी दल के सदस्यों को दल बदलने के लिए धमकाते हैं या उन्हें मनाते हैं।

**दल बदल के प्रभावः-** दल बदल के कई नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं:

**राजनीतिक अस्थिरताः-** दल बदल से सरकारें गिर सकती हैं और राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो सकती है।

**मतदाताओं का विश्वास कम होनाः-** दल बदल से मतदाताओं का राजनीतिक दलों और नेताओं पर विश्वास कम हो सकता है।

**राजनीतिक भ्रष्टाचारः-** दल बदल से राजनीतिक भ्रष्टाचार बढ़ सकता है, क्योंकि निर्वाचित प्रतिनिधि अक्सर अपने निजी लाभ के लिए दल बदलते हैं।

**नीतिगत निष्क्रियताः-** दलबदल से नीतिगत निष्क्रियता पैदा हो सकती है, क्योंकि सरकारें अक्सर राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रही होती हैं।

**दल बदल को रोकने के उपायः-** दल बदल को रोकने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं, जिनमें शामिल हैं:

**दल बदल विरोधी कानून को मजबूत करनाः-** दल बदल विरोधी कानून को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है ताकि दल बदल को रोकने में अधिक प्रभावी हो सके।

**राजनीतिक दलों के बीच आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देनाः-** राजनीतिक दलों के बीच आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि निर्वाचित प्रतिनिधि दल के नेतृत्व और सदस्यों के साथ सहमत हों।

**मतदाताओं में जागरूकता पैदा करनाः-** मतदाताओं में जागरूकता पैदा करने से उन्हें उन उम्मीदवारों को चुनने में मदद मिलेगी जो दल बदल की संभावना कम रखते हैं। दल बदल क़ानून में संशोधन के लिए एक सुझाव– आचार संहिता लागू होने के बाद से चुनाव परिणाम तक दल बदल अवैध माना जाएगा।

**निष्कर्षः–** दल बदल भारत में एक गंभीर समस्या है जिसके कई नकारात्मक प्रभाव हैं। दल बदल को रोकने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं, लेकिन इसके लिए राजनीतिक दलों, चुनाव आयोग और नागरिकों की ओर से एक ठोस प्रयास की आवश्यकता होगी।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# कागजों में ही चल रहा रणजीतपुरा उप तहसील कार्यालय

## उप तहसील कार्यालय पर ताले लगे होने से किसानों को भटकना पड़ रहा है

- **किसानों को काम के लिए 90 किलोमीटर दूर बज्जू जाना पड़ता है**
- **बज्जू में भी कई बार पटवारी व कर्मचारी नहीं मिलने से निराश लौटना पड़ता है**

**बीकानेर,** (निसं)। जिले की बज्जू उपखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्र के किसानों को वर्ष 2022 में रणजीतपुरा में उपतहसील कार्यालय खुलने पर प्रसन्नता हुई थी कि अब भटकना नहीं पड़ेगा, लेकिन उप तहसील कार्यालय पर ताले लगे हैं और किसानों को भटकना पड़ रहा है। वैसे तो 2022 में उपतहसील कार्यालय खुलने के साथ ही परेशानी शुरू हो गई थी, लेकिन अब तो ताला लगने की स्थिति आ चुकी है। किसानों को अब काम के लिए 90 किलोमीटर दूरी तय करके बज्जू पहुंचना पड़ रहा है। बज्जू में भी कई बार पटवारी व कर्मचारी नहीं मिलने से निराश लौटना पड़ता है।

बज्जू राजस्व तहसील के 7 राजस्व ग्राम रणजीतपुरा, गजेवाला, चारणवाला, बरसलपुर, भूरासर, छिला कश्मीर, राववाला के 30 गांवों में 14 पटवार मंडल, 4 गिरदावरी सर्किल की 7 लाख 20 हजार बीघा जमीन व 339 चकों को रणजीतपुरा उपतहसील में शामिल किया गया था। उपतहसील कार्यालय शुरू होने के साथ ही परेशानी शुरू हो गई थी। गत 14 मार्च को नायब तहसीलदार का तबादला होने के साथ ही तहसील कार्यालय पर ताला लग गया। इसके बाद पटवारियों ने भी बज्जू में ठहराव शुरू कर दिया। अन्य कर्मचारियों को भी बज्जू लगा दिया, एकमात्र एलडीसी ही तहसील में कभी कभार दिखते है। उन्हें भी आए दिन काम के लिए बज्जू से रणजीतपुरा के चक्कर लगाने पड़ते हैं। नायब तहसीलदार का पद रिक्त होते ही रणजीतपुरा क्षेत्र के पटवारी बज्जू बैठने लगे हैं। सहायक कर्मचारी का पद भी रिक्त होने से साफ सफाई लंबे समय से ठप है।

नायब तहसीलदार पद 14 मार्च से रिक्त है, ऑफिस कानूनगो जैसा महत्वपूर्ण पद कार्यालय खुलने के बाद से रिक्त हैं। यूडीसी व एलडीसी का एक–एक पद भरा है। जिन्हें बज्जू में ज्यादा कार्य होने पर दोनों जगह सेवाएं देनी पड़ रही है।

बज्जू राजस्व तहसील व रणजीतपुरा उपतहसील में लंबे समय से तहसीलदार व नायब तहसीलदार का पद रिक्त है। इससे जनता का कोई धणी धोरी नही है। बज्जू में तहसीलदार व नायब तहसीलदार, रणजीतपूरा में नायब तहसीलदार का पद रिक्त है। इससे रणजीतपुरा में काम बंद है। बज्जू में कभी कभार कार्य होता है। बज्जू में कार्यवाहक भी राजस्व तहसील के बजाय एसडीएम कार्यालय से नायब तहसीलदार को बज्जू का कार्यवाहक के रूप में चार्ज दिया। वे भी इन दिनों अवकाश पर है, जिससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# मनरेगा कार्य स्थलों पर पीने के पानी को तरस रहे हैं मजदूर

- **कुछ मनरेगा कार्य स्थलों पर छाया-पानी की समुचित व्यवस्था भी नजर नहीं आ रही है**
- **भीषण गर्मी में मनरेगा श्रमिकों के लिए मजदूरी का काम काफी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है**

**हनुमानगढ़,** (निसं)। शहरी मनरेगा में काम रहे मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है। स्थिति यह है कि नवम्बर के बाद से अब तक यानी पांच महीने की मजदूरी श्रमिकों को नहीं मिली है। इस स्थिति में इनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। शहरी क्षेत्र में ज्यादातर मनरेगा मजदूरों में महिलाएं हैं। कुछ मनरेगा कार्य स्थलों पर छाया–पानी की समुचित व्यवस्था भी नजर नहीं आ रही है। ऐसे में भीषण गर्मी में मनरेगा श्रमिकों के लिए मजदूरी का काम काफी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

शहरी मनरेगा से अलग ग्रामीण मनरेगा में मार्च तक की मजदूरी मजदूरों को जारी कर दी गई है। ऐसे में मजदूरी भुगतान मामले में उनकी स्थिति थोड़ी ठीक है, लेकिन शहरी क्षेत्र में मनरेगा श्रमिकों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। बड़े स्तर पर बजट के अटकने से मनरेगा योजना में लगे कार्मिक व श्रमिक प्रभावित हो रहे हैं। मनरेगा मजदूरों के साथ ही मेट का भुगतान भी अटका हुआ है। वहीं मनरेगा कार्य स्थलों पर पीने के पानी को मजदूर तरस रहे हैं।

नगर परिषद में मनरेगा कार्यालय में कार्यरत जेटीए रघुवीर मीणा के अनुसार मनरेगा कार्य स्थल पर हम छाया–पानी की समुचित व्यवस्था करवा रहे हैं। सभी मेट को हमने कैंपर दे रखा है। ताकि मजदूरों को पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में ज्यादातर मजदूर पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य में लगे हुए हैं। ऐसे में पेड़ आदि की छांव में वह आराम कर लेते हैं। जहां पेड़ नहीं होते, वहां पर हम छाया की व्यवस्था करवाते हैं। जेटीए के अनुसार नवम्बर के बाद मनरेगा मजदूरों के मजदूरी मद में भुगतान नहीं हुआ है।

मनरेगा मजूदरों मांगों को लेकर सरकार गंभीर नहीं हो रही है। मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान की मांग अब तक अधूरी है। श्रमिक नेता सुरेंद्र शर्मा के अनुसार केंद्र सरकार लगातार मनरेगा के कार्य को बंद करना चाहती है। इसलिए वह मनरेगा मजदूरों की पूरी मजदूरी भेज नहीं रही है। इसके कारण मजदूरों के 100 दिन का कार्य नहीं हो रहा है। ना ही उन्हें पांच महीने तक कोई मजदूरी मिली है। इससे रोजगार की गारंटी मजाक बन रही है। इतना ही नहीं मजदूरी अटकने से रोजगार की गारंटी पर सवाल उठ रहे हैं।

संगरिया में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना तहत कार्यस्थलों पर सरकार की ओर से मजदूरों के लिए पर्याप्त पानी, छाया व्यवस्था के साथ मेडिकल किट मौजूद होना अनिवार्य है, मगर ऐसा नहीं है। जिम्मेदारों की उदासीनता से गर्मी में कार्य करना किसी दिन मजदूरों को भारी पड़ सकता है। इस समय तापमान 45 डिग्री के इर्द–गिर्द है। तेज गर्मी में लू, तापघात, उल्टी, दस्त आदि बीमारी अचानक होने की संभावना रहती है। उपखंड के अधिकांश गांवों में चुनाव आचार संहिता के बाद खेतों में गेहूं कटाई व फसल बिजाई को लेकर काम चलने पर श्रमिकों का ध्यान वहां से मिलने वाली मजदूरी पर ही है। फिलहाल काम बंद हैं। नए वित्तीय वर्ष में स्वीकृति उपरांत कार्य शुरू होंगे।

भाखरांवाली सरपंच महेंद्र भाकर, रासूवाला प्रतिनिधि भरत जोशी, ग्राम विकास अधिकारी संघ पूर्व अध्यक्ष रघुवीर गोदारा के अनुसार एक जून से वृहद स्तर पर काम चलेगा। कुछ जगह पौधरोपण या शेष रहे पक्के काम चल रहे हैं। गर्मी में सुबह छह से दोपहर एक बजे तक काम है। टास्क पूरा होते ही मजदूर घर चला जाता है। पानी की दो लीटर बोतल भरकर साथ लाते हैं। पेड़ की छांव में आराम कर लेते हैं। गांव ढाबां में करणीसिंह ब्रांच की नहर के पटड़ा पर बुर्जी संख्या 13 से 26 पर घास–फूस, झाड़ी सफाई आदि कार्य इन दिनों चल रहा है।

पूर्व मेट मांगीलाल लेघा व मजदूरों ने बताया कि गर्मी में परेशानी तो होती है। चार-पांच सालों से तंबू-टेंट नहीं देखे। छाया के लिए पेड़ों तले बैठ जाते हैं। मेडिकल किट कहां है। पखवाड़े में कभी–कभार एएनएम आती है। पानी की बोतल घर से भरकर लाते हैं। दिनभर चलने वाली गर्म हवा से लोगों को परेशानी होती है। टास्क पूरा होते ही घर चले जाते हैं।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नौनिहालों की भीषण गर्मी में हालत खराब

- **आंगनबाड़ी केन्द्रों की मानदेय कार्मिकों ने समय परिवर्तन या अवकाश की कलेक्टर से गुहार लगाई**
- **'आंगनबाड़ी केन्द्रों में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए अभी तक सुबह 8 से 12 बजे तक समय निर्धारित है'**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में समय बदल दिया गया है लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में 3 से 6 साल के नौनिहालों की इस गर्मी में हालात खराब हो रही है। आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों से भेदभाव नहीं किया जाएं, इसके लिए समय परिवर्तन या अवकाश देने का मार्ग प्रशस्त करो ताकि बच्चों को राहत मिल सके। यह कहना था नारी शक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग संगठन की जिलाध्यक्ष मंजू स्वामी और संगठन संस्थापक सीता स्वामी का। इस संगठन से जुड़ी महिलाओं ने कलेक्टर लोकबंधु के समक्ष पेश होकर कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, सहायिका, साथिनों की इस समस्या से अवगत कराया। इस संबंध में ज्ञापन भी दिया।

इस दौरान दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि जिले में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल का समय सुबह 7 से 11 बजे तक कर दिया गया है। वहीं कई विद्यालयों में समय में परिवर्तन किया गया है। लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए अभी तक सुबह 8 से 12 बजे तक समय निर्धारित है। भीषण गर्मी के प्रकोप से छोटी आयु के बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ सकता है। इस मौके पर कुलविन्द्र कौर और अरुषी भी मौजूद थी।

इन महिलाओं का कहना था कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषाहार रेडीमेड आ रहा है। वहीं उन केन्द्रों के साथ दोहरे मापदंड बनाए हैं जहां सरकारी स्कूलों में केन्द्र संचालित है। इन स्कूलों में तो समय में परिवर्तित कर दिया जबकि केन्द्रों के बच्चों के लिए आने के लिए दबाव डाला जा रहा है। इस दोहरे मापदंड से छुटकारा दिलाने के लिए कलेक्टर को निर्णय लेने के लिए आग्रह किया है।

# महाराव शेखाजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

- **स्त्री रक्षक एवं हिन्दु-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे महाराव शेखाजी : शेखावत**

**चूरू,** (कासं.)। महाराव शेखाजी की 536वीं पुण्यतिथि शेखावत कॉलोनी के श्रीकरणी माता जी मन्दिर सभागार में संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर उत्तम सिंह शेखावत ने क्षत्रीय का गौरवपूर्ण इतिहास बताते हुए उच्च संस्कारों को ग्रहण करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ सभी समाज को एक साथ लेकर एकजुटता से प्रयास करना चाहिए ताकि समाज आगे बढ़कर देश सेवा करता रहे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक चूरू सतपाल सिंह शेखावत ने कहा कि शेखाजी सद्गुणी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके जीवन के एक भी गुण को अपने जीवन में उतार लिया जावे तो व्यक्ति का जीवन सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को महाराव शेखाजी से प्रेरणा लेकर शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। राव शेखाजी प्रजातंत्र एवं एकता में विश्वास रखते थे।

प्रारम्भ में अतिथियों ने महाराव शेखाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सभी ने पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह शेखावत ने कहा कि महाराव शेखा के जीवन मूल्यों को वर्तमान में अपने जीवन में ढालने तथा संस्कृति एवं संस्कार बच्चों को सिखाने की आवश्यकता है। शेखा नारी रक्षक व हिन्दु–मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि भवानी सिंह निर्वाण डीएफओ, एएसपी (सेवानिवृत्त) रामसिंह बीका, दिलीप सिंह राठौड़ डीएफओ ने भी महाराव शेखाजी के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला।

इस दौरान रतन सिंह ख्याली ने महाराव शेखा की प्रेरणादायक जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कर्नल विक्रम सिंह शेखावत, सेवानिवृत प्राचार्य उम्मेदसिंह राठौड़, गुलाब सिंह, जय सिंह, एड. सुरेन्द्र सिंह, एड. कुन्दन सिंह, कमल सिंह राठौड़, रतन सिंह, प्रेम सिंह इन्दा, मदन सिंह, गुमानसिंह, रघुवीर सिंह, इन्द्र सिंह राठौड़, सूरजभान सिंह, कर्णपाल सिंह, रणजीत सिंह, सुन्दरपाल सिंह, हरिसिंह, जगमाल सिंह टकणेत, भागीरथ सिंह, नरेन्द्र सिंह, उम्मेद सिंह भाटी, प्रभु सिंह, एड. धन्ने सिंह, वैद्य विजेन्द्र सिंह राठौड़, रविन्द्र सिंह, डॉ. हर्षवर्द्धन सिंह शेखावत, प्रहलाद सिंह, अशोक सिंह, नाहर सिंह भाटी, विक्रम सिंह, राकेश सिंह, भरत सिंह ख्याली, जसवन्त सिंह, लादू सिंह, नरपाल सिंह, सम्पत सिंह, रणवीर सिंह आदि उपस्थित थे। कप्तान मदन सिंह शेखावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट हेमसिंह शेखावत ने किया।

# परशुराम जयंती पर अंता में निकली भव्य शोभायात्रा

## पुष्प वर्षा और स्वागत द्वार लगाकर किया गया स्वागत

**अंता** । ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम की जयंती अक्षय तृतीया पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एकजुटता का संदेश देते हुए भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा धूम धाम से बैंड बाजा के साथ निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्त्री पुरुष सहित बच्चों ने भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोभायात्रा

रवाना होने से पहले श्री राम रंग मंच परिसर में भगवान परशुराम ,भारत माता तथा भगवान श्री राम के चित्रो के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा की गई।

इसके बाद बाहुबली हनुमान ,भगवान परशुराम तथा भगवान श्री राम की आकर्षक झांकियों के साथ धर्म ध्वजा लिये घुड़सवार के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा गढ़ परिसर से शुरू हो कर मुख्य बाजार से सीएडी सर्किल होकर कोटा बारां रोड से सीसवाली तिराहे , अस्पताल रोड, पंचायत समिति, शिवाजी चौक से वापस गढ़ परिसर में पहुंचकर महाआरती का आयोजन किया गया ।


ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम की जयंती अक्षय तृतीया पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली।

कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के पश्चात आयोजन समिति के डाक्टर देवेन्द्र कुमार शर्मा व संयोजक विष्णु कांत शर्मा ने आगंतुक सभी समाज के बंधुओं का आयोजन को सफल बनाने में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। शोभायात्रा के दौरान अतिरिक्त पुलिस जाप्ता भी शोभायात्रा मार्ग में साथ साथ चल रहा था।

## जांची अस्पताल की व्यवस्थाएं

**बून्दी**। .स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने एवं आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से अब राज्य स्तर से स्वास्थ्य संस्थानों के निरीक्षण की प्रक्रिया को अमल में लिया जा रहा है। इसी क्रम में राज्यस्तरीय दल के द्वारा जिले के स्वास्थ्य संस्थानों के निरीक्षण का शुक्रवार भी जारी रहा। जयपुर से आए अतिरिक्त निर्देशक स्वास्थ्य डॉ. सुनील सिंह ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और निरीक्षण करते हुए गर्मी के मौसम में भर्ती रोगियों का विशेष रूप से ध्यान रखने हेतु दिशा निर्देश दिए और इस गर्मी में वार्डों में कूलर व शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को कहा। साथ ही निरीक्षण में मिली खामियों को तीन दिवस में दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। सीएमएचओ डॉ.ओ पी सामर ने बताया की निरीक्षण के दौरान नेत्र रोग विभाग नाक कान गला विभाग, रामाश्रय वार्ड व मौसमी बीमारियों के बारे में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रभाकर विजय, डिप्टी सीएमएचओ डॉ.कमलेश शर्मा, डॉ सुरेश अठावाल व डॉ. लतीफ को आवश्यक दिशा निर्देश व अस्पताल की समस्त रिपोर्टिंग के बारे में जानकारी ली। इन्होंने बूंदी जिले में चल रहे अंधथा निवारण कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धियों पर विशेष जोर देते हुए समयबद्ध तरीके से क्रियान्विति हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

## आरोपियों को 10 वर्ष के कठोर कारावास

**बूंदी**। नाबालिक पीड़िता के साथ दुष्कर्म के दो आरोपियों को पोस्को न्यायालय ने 10-10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 58 -58 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। मामले में 23 मई 2023 के पीड़िता ने अपने पिता के साथ नैनवां थाने में रिपोर्ट देते हुए बतया था कि 22 मई 2023 को रात्रि 11 बजे जब पीडिता पेशाब करने गई थी। तब सामने से मोटर साइकिल पर मुंह पर कपड़ा बांधे आएं दों व्यक्तियों मेरा मुंह दबाकर मुझे पकड़ कर जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर बबूली की तरफ लेकर चले गए। कुछ दूर जाने के बाद मोटरसाइकिल रोकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। विशिष्ट लोक अभियोजक महावीर प्रसाद मेघवाल ने बताया कि प्रकरण में मामला दर्ज कर नैनवां पुलिस ने पोक्सो न्यायालय में चालान पेश किया गया। जहां प्रकरण में निर्णय सुनाते हुए न्यायालय पोक्सो क्रम 02 न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने अभियुक्तगण जीतू पुत्र राम अवतार मीणा निवासी बिलौता जिला टोंक तथा विजेंद्र पुत्र धनराज मीणा निवासी पागड़ी जिला टोंक प्रत्येक को 10-10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा एवं प्रत्येक अभियुक्त को 58 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। उक्त प्रकरण में पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक महावीर प्रसाद मेघवाल ने 20 गवाह 34 दस्तावेज प्रदर्शित करते हुए कठोर सजा की मांग की थी ।

# पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

**छबड़ा**। भारतीय संस्कृति में मेहमानों का स्वागत भगवान मानकर किया जाता है। मेहमान चाहे पंछी हो या जानवर या फिर को घर आए इंसान सबसे पहले घर आते ही उसके लिये शीतल जल से स्वागत किया जाता हैं। संस्कृति ओर परम्पराओ को जीवित रखने के लिए घर के बड़े-बुजुर्ग और माता-पिताओं को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बालकों के बाल संस्कारों पर भी ध्यान देना चाहिए। अमीरपुरखेड़ी योग केंद्र अध्यक्ष शंकर लाल नागर ने घर पर बालक पार्थ धाकड़, मेहुल नागर ओर बालिका काव्या उर्फ कीर्ति से पंछी परिण्डे बंधवाकर जिम्मेदारी सौंपी। नागर का कहना है कि वर्तमान में बढ़ती जनसंख्या और घटते जंगलों से क पक्षियों ओर जीवों की प्रजातियां लुप्त हो गई है। मनुष्य की मांसाहारी प्रवृत्तियों और रासायनिक संसाधनों पर आधारित कृषि की तकनीकों के प्रयोग ने भी जीवों को प्रकृति से छीन लिया है। घटते जंगलों के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है ऐसे समय क जीव, जंतु भूख और प्यास से दम तोड़ रहे है। हमें धरती से केवल लेना ही दिखा दे रहा है। देने के लिए हाथ कम ही उठते है। इसलिए भीषण गर्मी से जैविक सम्पदा को बचाने के लिए प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं को अंगीकार करना चाहिए। जैसे सार्वजनिक स्थलों पर निःशुल्क प्याऊ, जल सेवा, परिंदों के लिए परिण्डे, दाना-पानी का इंतजाम, चींटियों के लिए घी-शक्कर आटे का चूंगा, मछलियों के लिए आटा जंगली और आवारा पशुओं के लिए जल महल, खेल, घांस, भूसा, हरीचरी का चारा आदि की व्यवस्था जन सहयोग से की जानी चाहिए।

# सहयोग राशि भेंट

**छबड़ा**। कस्बे के स्टेषन रोड़ स्थित गायत्री मंदिर पर विदेश यात्रा से लौटने पर स्वागत सम्मान किया। वही, भामाषाहो द्वारा निर्माण कार्य के लिए सहयोग राषि भी भेंट की गई। रामचरण प्रजापत ने बताया कि विदेश यात्रा से छबड़ा लौटे ट्रस्टी उपप्रबंधक ओमप्रकाश तिवारी एवं उनकी पत्नी का भव्य स्वागत किया। मंदिर परिसर में साधना कक्ष एवं संत निवास निर्माण के लिए ओमप्रकाश तिवारी द्वारा एक लाख 50 हजार रूपए भेंट किए।


संख्यांक 4

**संक्षिप्त वाद का सम्मन**

(आदेश 37 नियम 2)

न्यायालय सिविल न्यायाधीश क्रम-3 उत्तर कोटा

वाद सं.....21/2018

आ. पेशी 305-2024

**सिंडीकेंट बैंक (केनरा बैंक)** वादी

विरुद्ध

**गोपाल लोधा वगैरह** प्रतिवादी

प्रेषित महेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री झामनाथ निवासी- मकान नं.-27/318 शिकार खाने के सामने की गली रेतवाली कोटा (राज.)

वादी ने सिविल प्रक्रिया सहिता 1908 के आदेश 37 के अधीन आपके विरुद्ध 1,97,199 रु. और ब्याज के लिए संस्थित किया है। आपको सम्मन दिया जाता है कि आप इस सम्मन की तामील होने की तारीख से 10 दिन के भीतर उपसंजात (हाजिर) हो। यदि आप ऐसा नहीं करेगे तो 10 दिन के अवधि बीत जाने के पश्चात् वादी को 1,97,199 रु. से अनधिक राशि के लिए और खर्चों के बाबत् 1,97,199 रु. की राशि के लिए ऐसे ब्याज सहित, यदि कोई हो, जैसा न्यायालय आदिष्ट करे, डिग्री अभिप्राप्त करने का हक होगा। यदि आप उपसंजात होते हैं तो वादी तत्पश्चात् आपको निर्णय के लिए समन तामील करेगा जिसकी सुनवाई के समय आपको वाद की प्रतिरक्षा करने की इजाजत के लिए न्यायालय से समावेदन करने का हक होगा। यदि आप शपथ पत्र द्वारा या अन्यथा न्यायालय का यह समाधान कर देते है कि वाद की प्रतिरक्षा गुणागुण (मेरिट) के अधार पर की जा सकती है या युक्ति युक्त है कि आपके प्रतिरक्षा करने के लिए अनुज्ञा दी जानी चाहिए तो प्रतिरक्षा करने की इजाजत दी जा सकेगी। यह आज तारीख 24-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया जाता है।

न्यायाधीश

सील अति. सिविल न्यायाधीश क्रम-3, (उत्तर) कोटा


# कोटा में सामूहिक विवाह सम्मेलन16 जून

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा द्वारा आगामी 16 जून 2024, को सनातन धर्म मंदिर, शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा पर निशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा की अध्यक्ष शीलू जैन ने बताया कि निशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भारत विकास परिषद चिकित्सालय के सुदर्शन सभागार में आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा थे अध्यक्षता क्षेत्रीय मंत्री किशन पाठक ने की, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महिला प्रमुख सुनीता गोयल रही, इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने कहा कि सामूहिक सरल विवाह भारत विकास परिषद का राष्ट्रीय प्रकल्प है ऐसे आयोजन आज समाज की आवश्यकता है एवं यह सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल है जिसमें हिंदू समाज के सभी वर्गों के लोग भाग लेते हैं एवं उनका मांगलिक कार्य भारत विकास परिषद के माध्यम से किया जाता है, भारत विकास परिषद के क्षैत्रीय मंत्री किशन पाठक ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभ पहुंचाना ही ऐसे आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य है आज महंगी खर्चीली प्रतिस्पर्धा के दौर में जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपने बच्चों का मांगलिक कार्यक्रम नहीं कर पाते ऐसे परिवारों को इन आयोजनों का बहुत लाभ मिलता है । जोड़ों का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ- भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा की सचिव निशा अरोड़ा ने बताया कि जोड़ों के रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया है भारत विकास परिषद चिकित्सालय स्थित प्रांतीय कार्यालय पर रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है रजिस्ट्रेशन के अंतिम तिथि 1 जून निर्धारित की गई है शीघ्र ही आयोजन संबंधित समितियों का गठन कर शाखा सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वर-वधु को दिए जाएंगे आवश्यक उपहार- भारत विकास परिषद कोटा महिला जिला प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक रचना पाठक ने बताया कि अहिल्या शाखा द्वारा आयोजित होने वाले इस विवाह समारोह में शाखा एवं भामाशाहों के सहयोग से आवश्यक सामान एवं उपहार दिए जाएंगे ।

## 'भगवान परशुराम ज्ञान और वीरता के प्रतीक'

**छबड़ा**। छबड़ा में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। यहां वक्ताओ ने कहा कि भगवान परशुराम ज्ञान और वीरता के प्रतीक हैं, उनका जीवन सदियों से हमें अन्याय के विरुद्ध दृढ़ रहने और संघर्ष करके विजय प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते है और कहा कि भगवान परशुरामजी भगवान विष्णु के अवतार थे और शस्त्र और शास्त्रों के स्वामी थे, सत्य एव न्याय के देवता थे। इस अवसर पर अंत में भगवान परशुराम की आरती की गई। यहां एडवोकेट कृशणगोपाल भार्गव, एडवोकेट राजेष भार्गव, प्रदीप भार्गव, विजय भार्गव, विनोद भार्गव, देवेंद्र भार्गव, कुलदीप भार्गव, घनष्याम भार्गव, अनिल भार्गव आदि मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया का पर्व मनाया

**छबड़ा** । स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मानव जाति को गणित, लिपी खेती सहित 6 कार्य सिखाने वाले भगवान आदिनाथ की अभिषेक शांति धारा पूजा अर्चना विधान सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लगभग तेरह माह निराहार रहने के आज ही के दिन आदिनाथ भगवान की आहार चर्या हुई थी। कस्बे के समाज के लोगों का सौभाग्य की आज उन्हें छुल्लकजी महाराज की आहारचार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।


दिगंबर जैन समाज ने अक्षय तृतीया का पर्व मनाया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिगंबर जैन समाज द्वारा शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। सुबह भगवान आदिनाथ की अभिषेक, ओम शांति धारा का आयोजन किया गया। शांति धारा करने का सौभाग्य पाटनी परिवार को समठा पाटनी के जन्मदिन पर एवं दीपचंद आशा लुहाडिया, मुन्नी बाई, संजय बंटी ने प्राप्त किया। इसके बाद समाज के महिला पुरुषों ने भगवान आदिनाथ की पूजा के साथ ही अक्षय तृतीया पर्व एवं अन्य नित्य नियम पूजा तथा भक्तामर विधान किया। जैन समाज के लिए अक्षय तृतीया का पर्व बहुत ही महत्व का पर्व है इस दिन को ही सबसे पहले मानव जाति को धर्म से जोड़ने वाले जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर एवं मानव जाति को अंकगणित, लेखन, पेट भरने के लिये कृषि, रहने के लिये भवन निर्माण शिल्पकला, व्यापार करने,रक्षा के लिये सेना बनाने, का ज्ञान देने वाले भगवान आदिनाथ का तेरह माह तक निराहार रहने के बाद आहार चर्या हुई ।


**कानूनी सूचना वास्ते जनसामान्य**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि ग्राम नयागांव ठाकुरान पटवार हल्का बैसार, तहसील खानपुर के खसरा नं. 181, 182 की आराजी को बैचान करने का विक्रय अनुबंध उक्त खसरा नम्बरान के खातेदार बजरंगलाल, बाबूलाल पिसरान मांगीलाल जाति बैरवा निवासी नयागांव ठाकुरान, तहसील खानपुर ने दिनांक 25.04.2015 को मेरे पक्षकार अमृतलाल पुत्र कन्हैयालाल जाति मेहर निवासी खानपुर से कर रखा है और इस विक्रय अनुबंध के क्रम में उक्त खसरा नम्बरान की आराजी पर दिनांक 25.04.2015 से ही मेरे पक्षकार का कब्जा है। मेरा पक्षकार विक्रय संविदा की निविर्दिष्ट पालना हेतु कानूनी प्रक्रिया आरम्भ कर चुका है। इसलिए कोई भी व्यक्ति, बैंक या संस्था उक्त आराजी के किसी भी प्रकृत के अन्तरण के विषय में कोई संविदा-अनुबन्ध-करारनामा खातेदार उक्त बजरंगलाल व बाबूलाल से नहीं करें। ऐसा कोई भी अनुबंध और संविदा विधि अनुसार शून्य व निष्प्रभावी होगी और ऐसा व्यक्ति कानूनी दायित्व के अधीन होगा। सूचित हो।

दिनांक : 10.05.2024

भवदीय

ऑंकारेश्वरम शर्मा एडवोकेट, झालावाड़

मो. 9414490085


## विशाल जागरण आज

कोटा, (निसं)। श्री श्याम लखदातार मित्र मंडल एवं समस्त श्याम परिवार की ओर से श्री खाटू श्यामजी का द्वितीय विशाल भव्य जागरण शनिवार रात्रि 8.00 बजे से काला तालाब चंद्रेसल रोड़ पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भजन गायक अजहर अली (खाटू धाम) एवं कनिका ग्रोवर मनासा एमपी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय भजन गायक आकाश भट्ट, ज्ञानू पंडित, प्रमोद एवं गजराज भी अपने भजनों से बाबा को रिझाएंगे। इस अवसर पर भव्य 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी साथ ही श्याम बाबा का दरबार भी सजेगा। इत्र की वर्षा होगी, पुष्प की वर्षा होगी और पूरा माहौल खाटू श्याममय होगा।

# 'बाल विवाह उन्मूलन के लिए व्यापक वातावरण निर्माण करना सामूहिक दायित्व'

**बून्दी**।अक्षय तृतीया आखा तीज के अवसर पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को पीएलवी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ सर्वेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में शहर के पुलिस लाइन रोड पर स्थित एलिट सेवा संस्थान परिसर में बाल विवाह के प्रति व्यापक जन जागरूकता हेतु संगोष्ठी व नाटक का मंचन हुआ। आयोजन में बाल विवाह मुक्त बूंदी मिशन से जुडी सामाजिक कार्यकर्ता हीना शर्मा, उमंग संस्थान अध्यक्ष डॉ सविता लोरी सचिव कृष्णकांत राठौर, सामाजिक कार्यकर्ता उपकार सिंह, कन्या महाविद्यालय एंबेसेडर अक्षरा गौतम व सिद्धि नामा मुख्य वक्ता थे। प्राधिकरण के जयेश सिन्हा, एलिट सेवा संस्थान अध्यक्ष गोविंद बिरला व एलिट इंटरनेशनल स्कूल निदेशक मोनिका बिरला मंचासीन रहे। इसी क्रम में गुरुनानक कॉलोनी में आरकेडिया अकैडमी शिक्षण संस्थान के प्रांगण में संगोष्ठी, भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व महावीर कॉलोनी में महिला विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर बाल विवाह के खतरों व बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्ति की शपथ भी दिलवाई गई।

जनचेतना आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ सर्वेश तिवारी ने संभागियों को बाल विवाह से जुड़े कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया एवं इसके खतरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह एक संज्ञेय- गैर जमानती अपराध है, इसमे दो वर्ष का कारावास या एक लाख तक का जुर्माना या दोनों से दंड का प्रावधान है। विवाह हेतु लडकी की उम्र 18 वर्ष और लडके की 21 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह किसी बच्चे को न केवल अच्छे स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है अपितु बाल विवाह से लड़कियों को शारीरिक मानसिक हिंसा, दुर्व्यवहार और उत्पीड़न तक का सामना भी करना पड़ता है। बाल विवाह को विधि की दृष्टि में शून्य मानकर अपराध की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है जिस पर नियंत्रण हेतु सामूहिक रूप से प्रयास किए जाने चाहिए। इस अवसर पर बाल विवाह के समाज व राष्ट्र विकास पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर वक्ताओं ने विचार प्रकट किए व इस अभिशाप के उन्मूलन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान सचिव राकेश माहेश्वरी ने किया। निदेशक मोनिका बिरला ने आभार प्रकट किया।

बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु एलिट एकेडमी के शाला प्रांगण में भव्य नाटक का मंचन किया गया। पंडित अथर्व शर्मा की मदद से नन्हे दूल्हे निमित्त गोयल व अवधी जैन दुल्हन की शादी उनके माता पिता तेजस कुमावत, अनिका कुमावत व लक्ष्य गोचर कायरा खत्री चोरी छुपे करवा रहे थे।

## अक्षय तृतीया पर बजीं शहनाई

**छबड़ा** । सड़को व गली-गली में बैंड बाजे और शहना की गूंज और थिरकते बाराती, उत्साह और उमंग का माहौल। दूल्हे राजा घोड़े पर सवार थे, तो विवाह की खुशियों में बाराती थिरक रहे थे। विवाह समारोहों में गर्मी से बचने के लिए जतन भी करते लोग नजर आए। मौका था अक्षय तृतीया पर शहर में आयोजित विवाह समारोह का। षुक्रवार को यहां विवाह कार्यक्रमों की भी धूम रही। रात्रि तक शहर के मैरिज गार्डन आदि गुलजार रहे और जगह-जगह बारातों का नजारा दिखा दिया।

अक्षय तृतीया पर शहर में शादियों की धूम रही। दूल्हा-दुल्हन ने शुभ मुहूर्त में अग्नि को साक्षी मानकर जीवन साथी का हाथ थामा और फेरे लेकर एक-दूसरे का जीवनभर साथ निभाने का वचन दिया। परिजनों व रिश्तेदारों ने उन्हें शुभकामनाएं, आशीर्वाद व उपहार दिए। शादी समारोह के अलावा रिंग सेरेमनी, गोद भरा व शादी से पूर्व होने वाले मांगलिक कार्य भी संपन्न कराए गए। शहर में अधिकांश मैरिज गार्डन, सड़क किनारे होने के कारण शहर में जाम की स्थिति रही। क्योंकि सड़कों पर बारात चढ़ने से वाहन चालकों की परेशानी उठानी पड़ी। शगुन के तौर पर की गहनों की खरीदारी हुई । अक्षय तृतीया पर सर्राफा भी गुलजार रहा।


**कानूनी सूचना वास्ते जनसामान्य**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि ग्राम नयागांव सारोलाकलां तहसील खानपुर के खसरा नं. 1414, 1415, 1416, 1417, 1869, 1871, 1872, 1874, 1875 की आराजी में कमलेश पुत्र धन्नालाल, भूलीबाई पत्नी धन्नालाल जाति धाकड़ निवासी सारोलाकलां तहसील खानपुर जिला झालावाड़ (राज.) ने अपने हिस्से प्रत्येक का 1/16-1/16 भाग का बैचान करने का विक्रय अनुबंध दिनांक 25.10.2023 को मेरे पक्षकार गिरिराज पार्थ पुत्र भैरुलाल जाति कलाल निवासी सारोलाकलां तहसील खानपुर जिला झालावाड़ से कर रखा है और इस विक्रय अनुबंध के क्रम में उक्त खसरा नम्बरान की आराजी पर बैचानकर्ता के कब्जे काश्त वाले भट्टा वाले खेत पर दिनांक 25.10.2023 से ही मेरे पक्षकार का कब्जा है। मेरा पक्षकार विक्रय संविदा की निविर्दिष्ट पालना हेतु कानूनी प्रक्रिया आरम्भ कर चुका है। इसलिए कोई भी व्यक्ति, बैंक या संस्था उक्त आराजी के किसी भी प्रकृत के अन्तरण के विषय में कोई संविदा-अनुबन्ध-करारनामा खातेदार उक्त बैचानकर्ता कमलेश पुत्र धन्नालाल, भूलीबाई पत्नी धन्नालाल से नहीं करें। ऐसा कोई भी अनुबंध और संविदा विधि अनुसार शून्य व निष्प्रभावी होगी और ऐसा व्यक्ति कानूनी दायित्व के अधीन होगा। सूचित हो।

दिनांक : 10.05.2024

भवदीय

ऑंकारेश्वरम शर्मा एडवोकेट, झालावाड़

मो. 9414490085


## चावल मिल का किया औचक निरीक्षण

**बून्दी**। शुक्रवार को आयुक्तालय खाद्य एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय सिंह और उनकी टीम के साथ चावल मिल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा।

सीएमएचओ डॉ सामर ने बताया कि अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने मेसर्स वत्सल एग्रो एंड्रीज ठाम मांगली जिला बूंदी स्थित चावल मिल का शुक्रवार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने मौके पर खाद्य कारोबारी द्वारा काम करने वाले कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट जांच के आदेश दिए। कारोबारी ने मेडिकल सर्टिफिकेट बूंदी ऑफिस में होना बताते हुए पेश नहीं किए।

जिसे अतिरिक्त आयुक्त ओझा ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि निर्माण इकाई पर समस्त दस्तावेज होना आवश्यक है। समस्त दस्तावेज नहीं होने के अभाव में एफएसएसएआई एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएंगी।

इनके द्वारा मिल से जांच हेतु 3 चावल के नमूने खाद्य प्रयोगशाला कोटा भिजवाया गया। जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर अठिम कार्रवाई की जाएगी और मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाए जाने की भी जांच की जाएगी !

# ओलंपिक संघ के अध्यक्ष दिनेश सक्सेना को दी श्रद्धांजलि


ओलम्पिक संघ द्वारा एक श्रद्धांजली कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष दिनेश सक्सेना के निधन पर आयोजित किया।

**झालावाड़** 10 मई। पर्यटन विकास समिति तथा ओलम्पिक संघ द्वारा एक श्रद्धांजली कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष स्वर्गीय दिनेश सक्सेना के निधन पर आयोजित किया गया। गढ़ परिसर में श्रद्धांजली कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने स्वर्गीय दिनेश सक्सेना की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर खेल अधिकारी कृपाशंकर शर्मा ने कहा कि सक्सेना खेलों के जनक रहे है। हमेशा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाया है तथा खेल जगत में झालावाड की पहचान राजस्थान में बनाई है। पर्यटन विकास समिति के संयोजक ओम पाठक ने कहा कि समिति के अध्यक्ष दिनेश सक्सेना के निधन से सभी को गहरा दुःख पहुंचा है। सक्सेना ने पर्यटन स्थलों की पहचान आगे बढ़े इसके लिए कई कार्यक्रमों को आयोजित किए। रैन बसेरा के पुनः निर्माण करवाने में इनकी अगुवाई में कई प्रदर्शन किये तब रैन बसेरा का पुनः निर्माण संभव हुआ। श्रद्धांजली कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष ललित शर्मा, भगवती प्रकाश, भारत सिंह राठौड़, नफीस शेख, फारूख अहमद, ओलम्पिक संघ के अलीम बेग, महेन्द्र अठावाल, जयपाल यादव, विनय जैन, विनोद खरनीवाल, राजेन्द्र सिंह, सरफराज कुरैशी, रजनी, शरीफ खान, सालगराम दांगी, राजेन्द्र सेन, भारत भूषण जैन सहित उपस्थित सदस्यों ने स्व.श्री दिनेश जी सक्सेना के जीवन पर प्रकाश डाला तथा सभी ने जिला प्रशासन से मांग की की गढ़ में स्थित क्रीडा प्रांगण का नाम दिनेश सक्सेना क्रीडा प्रांगण रखा जाये। अन्त में दो मिनट का मौन रखा गया।

## डॉ. लौरी सम्मानित

**बूंदी** । अक्षय तृतीया पर आयोजित एक एक बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम में कामकाजी महिलाओं पर अनुसंधाता डॉ. सविता लौरी का पीएचडी पूर्ण होने पर एलिट स्कूल परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

एलिट स्कूल की निदेशिका, मोनिका माहेश्वरी, ने एक समारोह में डॉक्टर सविता लोरी को उनकी पीएचडी की उपाधि के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशिका मोनिका माहेश्वरी ने डॉ. लौरी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि कामकाजी महिलाओं के जीवन, परिवार व स्वयं के कार्य व संघर्ष पर किया गया इनका अध्ययन कामकाजी महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। इस दौरान सभी स्टाफ और अभिभावकों ने डॉ.सविता लोरी के अध्ययन का समर्थन करते हुए उनके संघर्ष को सराहा

इस मौके पर डॉ. सविता लौरी ने कामकाजी महिलाओं के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए बाल विवाह की दुष्प्रभावों के बारे में बताया।गौरतलब है कि डॉ. सविता लौरी, उमंग संस्थान की भी अध्यक्ष भी हैं, जो लंबे समय से कामकाजी महिलाओं पर कार्य कर रही हैं। इन्होंने कामकाजी महिलाओं पर आधारित अपने 2 अनुसंधान पूरे किए हैं।

इस अवसर पर विद्यालय समिति के गोविन्द बिडला, राकेश माहेश्वरी, उमंग संस्थान के सचिव कृष्णकांत राठौर, समन्वयक सर्वेश तिवारी, विभिन्न एनजीओ से जुडे पदाधिकारी, अभिभावक सहित स्टाफ मौजूद रहे ।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक-1288 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक 9.5.2024

नगर विकास न्यास कोटा की केशवपुरा-7 योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 528 का हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 07.12.2004 को श्रीमती प्रेमवती सक्सेना पत्नी श्री रामेश्वर दयाल को किया गया था। आवंटी श्रीमती प्रेमवती सक्सेना पत्नी श्री रामेश्वर दयाल द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.07.2005 को श्रीमती हेमलता वर्मा पत्नी श्री प्रकाश कुमार को कर दिया गया है। क्रेता श्रीमती हेमलता वर्मा की मृत्यु दिनांक 01.02.2015 को चुकी है। मृत्यु उपरान्त क्रेता के विधिक वारिसान श्री मोहित कुमार वर्मा पुत्र श्री प्रकाश कुमार के द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 528 योजना केशवपुरा-7 का नाम हस्तान्तरण श्री मोहित कुमार वर्मा पुत्र श्री प्रकाश कुमार के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1367 विज्ञप्ति दिनांक:-9.5.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम नान्ता में स्थित कृषि भूमि योजना जी.एम.ए. टाउनशिप खसरा नं. 495, 497, 497/1943, 496/1944 में स्थित भूखंड संख्या 260 आवेदक/आवेदिका श्री योगेश शर्मा पुत्र श्री गोविन्द नारायण शर्मा निवासी म.नं. 2-जी-9, अर.एच.बी. कालोनी ब्लॉक-2 बून्दी रोड कुन्हाड़ी कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 373 दिनांक 16.10.2014 को श्री राजीव पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 06.05.2015 को श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री मनीष अग्रवाल एवं श्रीमती मिताली अग्रवाल पत्नी श्री नितिन अग्रवाल को किया गया। जिसका नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 263 दिनांक 20.07.2015 से जारी किया गया। श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री मनीष अग्रवाल एवं श्रीमती मिताली अग्रवाल पत्नी श्री नितिन अग्रवाल द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 02.02.2024 को जर्ये मुख्तारआम अनूप कुमार सिंघल पुत्र स्व. श्री महेन्द्र कुमार द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया।

अत: श्री योगेश शर्मा पुत्र श्री गोविन्द नारायण शर्मा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

# झुंझुनूं के कई इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरे

## बिगड़े मौसम के मिजाज से शादियों के कार्यक्रमों में भी खलल पड़ गया



झुंझुनूं के कई इलाकों में बारिश के साथ ओले भी गिरे।

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं के कई इलाकों में शुक्रवार शाम को मौसम पलटा और बारिश के साथ ओले भी गिरे। बारिश के कारण आमजन को गर्मी से राहत मिली।

जानकारी के मुताबिक पिलानी के बेरी, रामपुरा, हमीनपुर, बनगोठड़ी आदि गांवों के अलावा सूरजगढ़ के गोदा का बास और बुहाना क्षेत्र में शाम को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। बारिश के कारण आमजन को गर्मी से राहत मिली। वहीं कई खेतों में किसानों की कटी हुई सरसों की फसल और पशुओं के लिए चारा पड़ा हुआ है, जिसे नुकसान भी हुआ है, लेकिन नुकसान काफी कम है। शुक्रवार को बिगड़े मौसम से उन शादियों के कार्यक्रमों में भी खलल पड़ गया, जिन्होंने अक्षय तृतीया के दिन अबूझ सावे को ध्यान में रखते हुए अपने बेटे-बेटियों की शादी करने का कार्यक्रम तय कर लिया। बदले मौसम से टेंट आदि उखड़ गए। इधर, शुक्रवार को दिन का तापमान गुरूवार की बजाय अधिक रहा। गुरूवार को जहां पिलानी में अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं शुक्रवार को यह बढ़कर 43.5 डिग्री दर्ज किया गया। तेज गर्मी ने शुक्रवार को दिनभर आमजन को बेहाल रखा। हालांकि जिले के अन्य इलाकों में भी बादल छाने से गर्मी से राहत मिली।

- **पिलानी में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री दर्ज किया गया**

# बीकानेर में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री पहुंचा, गर्मी से लोग परेशान

**बीकानेर,** (निसं)। दिनों-दिन गर्मी अपने तेवर तल्ख कर रही है। नतीजा सुबह के दो घंटे बीतते ही सड़कें-गलियां सूनी होने लगी हैं। लू के थपेड़े ऐसे सता रहे हैं, जैसे अभी जला ही देंगे। हालांकि, मौसम विभाग ने पहले ही लू तथा तापघात की चेतावनी दे रखी थी। फिर भी दिनों दिन बढ़ रही गर्मी एवं लू की वजह से जनता परेशान रही है। वहीं शुक्रवार शाम को करीब करीब 5.30 पर अचानक बादल आये और हल्की बूंदाबादी हुई। जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली और पतंगबाजी का दौर जोर-शोर से पुन: शुरु हो गया।

इससे पूर्व भीषण गर्मी के चलते स्थिति यह हो गई है कि प्रशासन को भी अब आगे आना पड़ा है। तेज गर्मी से छुटकारा दिलाने के लिए शहर की सड़कों पर पानी से छिड़काव किया गया। आलम यह था कि सुबह दस बजे ही सड़कें सूनी होने लग गई थीं। आखातीज पर अवकाश होने के कारण बाजारों में भीड़ कम थी। इस वजह से दुकानदार भी सुस्ताते नजर आए। गर्मी की प्रभाव पशु पक्षियों पर भी नजर आने लगा है। पक्षी पेड़ की छांव में बैठे रहते हैं और पशु पानी और छांव की तलाश में भटकते रहे।

बीकानेर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं रात के समय न्यूनतम तापमान भी अधिकतम के पीछे-पीछे 31.3 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ा। यह अब तक का सबसे अधिक है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। राहत दिलाने के लिए पानी का छिड़काव पीबीएम अस्पताल, केईएम रोड, रानी बाजार, जूनागढ़, स्टेशन रोड, जस्सूसर गेट आदि इलाकों में फायर ब्रिगेड से छिड़काव किया गया। महापौर ने कहा कि इस बार गर्मी का प्रकोप तेज होने पर आवश्यकता अनुसार पानी का छिड़काव किया जाएगा।

- **हल्की बूंदाबांदी होने से गर्मी से लोगों को मिली राहत**

## युवक ने आत्महत्या की

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 8 में एक युवक ने अपने घर की सीढियों पर लगी रेलिंग से फंदा लगाकर जान दे दी। उसे फंदे से हटाकर अस्पताल ले जाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। इस बारे में देवनगर थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई। आरंभिक पड़ताल में मालूम हुआ कि पिता पुत्र में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। देवनगर पुलिस ने बताया कि चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 8 सेक्टर निवासी रवि पुत्र राजकुमार सिंधी ने फंदा लगा लिया। उसका अपने पिता से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बाद में रवि ने घर की सीढियों पर लगी रेलिंग में चुन्नी का फंदा डाला और झूल गया।

# प्री-डीएलएड परीक्षा-2024 के आवेदन आज से

**बीकानेर,** (निसं)। प्री-डीएलएड परीक्षा 2024 में प्रवेश के लिए आवेदन 11 मई से शुरू होंगे। इस बार वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय इस परीक्षा का आयोजन पूरे राज्य में कर रहा है।

वीएमओयू के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने बताया कि पूरी तैयारी के साथ प्री-डीएलएड परीक्षा में आवेदन करने तथा प्रवेश परीक्षा कराने की तिथियां घोषित की जा रही है। परीक्षा समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन फॉर्म भरने की शुरुआत 11 मई से होगी। 31 मई तक आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रखी गई है और 30 जून को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आवेदक का कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना अथवा वर्ष 2024 में कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक है।

सह-समन्वयक संदीप हुड्डा ने बताया कि अभ्यर्थी पर 11 मई से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा सामान्य अथवा संस्कृत के लिए 450 रुपए है। प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा सामान्य तथा संस्कृत दोनों में आवेदन करने के लिए 500 रूपये है। आवेदन शुल्क यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग अथवा ई-मित्र के माध्यम से कर सकते हैं।

- **31 मई तक आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है**
- **30 जून को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा**

# पुलिस की लुक्का गैंग से हुई मुठभेड़, एक बदमाश को दबोचा

## दोनों ओर से 100 से अधिक राउंड फायरिंग हुई



पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लुक्का गैंग के एक सदस्य सतीश को दबोचा।

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के दिहौली थाना क्षेत्र में जुगईपुरा के बीहड़ों में पुलिस और डकैत लुक्का गैंग में जमकर मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से करीब 100 से अधिक राउंड फायर किए गए। जहां पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लुक्का गैंग के एक सदस्य सतीश को दबोच लिया है। वहीं गैंग के अन्य सदस्य अंधेरे व बीहड़ों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। मामला गुरुवार देर रात्रि का है जहां दिहौली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने कांस्टेबल अमित शर्मा की सूचना पर कार्रवाई को अंजाम दिया है।

थाना प्रभारी परमजीत सिंह ने बताया कि कांस्टेबल अमित शर्मा की सूचना पर डीएसटी टीम के साथ दिहौली क्षेत्र में सिद्ध बाबा मंदिर के पास जुगईपुरा के बीहड़ों में पहुंचे, जहां पर डकैत लुक्का गैंग ने पुलिस को देखते ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इधर पुलिस ने भी आत्मरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग की। थाना प्रभारी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान लुक्का गैंग के एक सक्रिय सदस्य सतीश पुत्र मुंशीलाल गुर्जर निवासी जुगईपुरा दिहोली को दबोच लिया। वहीं मौके से गैंग द्वारा भागने के उपयोग में ली जारी एक मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया।

थाना प्रभारी परमजीत सिंह ने बताया कि पुलिस और डीएसटी टीम द्वारा करीब 45 राउंड फायर किए गए, तो वहीं लुक्का गैंग ने पुलिस पर 50 से 60 राउंड फायर किए। मुठभेड़ के दौरान अंधेरे एवं बीहड़ों का फायदा उठाकर लुक्का गैंग के धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पुत्र विजय सिंह निवासी देव का पुरा थाना कोतवाली धौलपुर, विष्णु उर्फ भगत पुत्र राजेन्द्र निवासी करका खेरली थाना दिहौली, तहसीला पुत्र सोनेराम निवासी मोरोली थाना कोतवाली, हनुमान दास पुत्र करतार सिंह निवासी तिघरा थाना सदर धौलपुर, सोनू पुत्र मान सिंह निवासी अतिराज का पुरा थाना कंचनपुर और सोनू पुत्र राजाबाबू निवासी सादिकपुर थाना मनियां भागने में सफल रहे। जिनकी तलाश जारी है।

इस दौरान पुलिस की कार्रवाई टीम में थाना प्रभारी परमजीत सिंह के साथ कांस्टेबल जयकुमार, सत्यपाल, सुरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, लक्ष्मण, राधेश्याम, रामपाल और डीएसटी टीम के हैड कांस्टेबल दीनदयाल, कांस्टेबल अमित शर्मा, धर्मेंद्र, रविंद्र, सुरेश, अश्वनी पचौरी और वासुदेव शामिल रहे।

- **लुक्का गैंग के अन्य छह सदस्य भागने में सफल हुये**

# पुलिस को देख चालक सड़क पर बजरी खाली कर डंपर ले भागा



निवाई के मूंडिया गांव में सड़क के बींचों-बीच पड़ी हुई बजरी।

**निवाई,** (निसं)। गांव मूण्डिया में पुलिस की गाड़ी को देखकर एक डंपर के चालक अवैध बजरी को सड़क के बींचो-बीच डालकर डंपर भगा ले गया, जिससे मूण्डिया जाने वाले सड़क मार्ग पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार दूसरे डंपर का चालक पुलिस को देखकर डंपर को तेज गति से भागाकर ले गया। सदर पुलिस मौक पर पहुंची और अवैध बजरी के बारे में खनिज विभाग को सूचना दी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस गश्त की गाड़ी को देखकर बजरी का डंपर चालक डंपर को तेजगति से भगाकर राहोली की ओर फरार हो गया तथा दूसरे चालक ने मूण्डिया में सड़क के बींचो बीच बजरी डालकर डंपर को भगा ले गया। पुलिस डंपरों की पहचान करने में जुट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों डंपर चालक तेज गति से डंपरों को भगाकर ले गए जिससे गांव में कोई भी हानि भी हो सकती थी। इस दौरान गांव में बड़ा हादसा होने से टल गया।

## पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी

**अजमेर,** (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र में एक युवक से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने अमेजॉन पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर पीड़ित का मोबाइल हैक कर लिया। बाद में पीड़ित के अकाउंट और क्रेडिट कार्ड से ट्रांजैक्शन कर करीब 8 लाख रुपए विड्रॉल कर लिए। पीड़ित को वापस पैसे देने की एवज में 20 प्रतिशत फिरौती की मांग की। पीड़ित ने परेशान होकर अलवर गेट थाने में शिकायत दी है। अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार मेयो लिंक रोड रबड़िया मोहल्ला निवासी प्रतीक वर्मा की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

उन्होंने शिकायत में बताया कि इंस्टाग्राम पर अमेजॉन पर पार्ट टाइम जॉब के ऑफर का लिंक उनके पास आया था। साइबर ठगों ने लिंक के माध्यम से उसका फोन हैक कर लिया। बाद में उसके अकाउंट और क्रेडिट कार्ड से करीब 8 लाख रुपए विड्रोल कर लिए। पीड़ित ने बताया कि उसने किसी तरह का ओटीपी साझा नहीं किया था। बाद में उसने साइबर सेल के नंबर पर जानकारी देकर इसकी शिकायत दी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रेलवे कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

## रेलवे कर्मचारी के भाई ने महिला पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया

**अजमेर,** (कासं)। अलवरगेट पुलिस थाना क्षेत्र धोलाभाटा अजयपाल नगर में रहने वाले एक रेलवे कर्मचारी ने अपने ही कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची ने शव को अपने कब्जे में लेकर जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम करा शव परिजन के सुपुर्द किया। मृतक रेलवे कर्मचारी के भाई ने आरोप लगाया कि उसके साथ एक लड़की रहने लगी और वह उसे ब्लौकमेल कर रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

आबू रोड हाल धोलाभाटा अजयपाल नगर में निवासी प्रदीप कुमार पुत्र मदन कुमार ने अपने घर पर पाइप से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मकान मालिक और पड़ोसियों ने जब उसे लटका देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसके बाद इसकी सूचना अलवर गेट थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया और परिजन को सूचना दी। शुक्रवार सुबह मृतक के परिवार वाले अजमेर पहुंचे, जहां अलवर गेट थाना पुलिस ने अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। अलवर गेट थाना पुलिस सुसाइड के कारणों को लेकर जांच में जुटी है।

**भाई ने लगाया महिला ब्लैकमेल का आरोप :-** मृतक के छोटे भाई आबू रोड निवासी प्रवीण कुमार ने पड़ोसी महिला पर ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए है। प्रवीण ने बताया कि उसका भाई प्रदीप कुमार रेलवे में कर्मचारी था, करीब छह माह पहले ही अजमेर में ट्रांसफर हुआ था। इसके बाद से वह अपनी पत्नी के साथ अजमेर में किराए पर मकान लेकर रह रहे थे। भाई ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाली महिला ने पहले उनसे बहन बनाकर नजदीकी बढ़ाई थी। बाद में रिलेशनशिप में आ गई थी। पीड़ित भाई ने आरोप लगाया कि महिला के द्वारा उसके भाई को शादी के लिए ब्लैकमेल किया जा रहा था। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर भाई ने सुसाइड किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

- **अलवर गेट थाना पुलिस सुसाइड के कारणों को लेकर जांच में जुटी है**

## निर्माण कार्य से ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा

**जोधपुर,** (कासं)। मेड़ता रोड-बीकानेर रेल मार्ग पर स्थित चीलो स्टेशन पर लूप लाइन के निर्माण कार्य के तहत नॉन इण्टरलॉकिंग के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इसके तहत गाड़ी संख्या 19719, जयपुर-सूरतगढ़ रेलसेवा जो 25 व 26 मई को जयपुर से प्रस्थान करेगी वह अपने निर्धारित मार्ग जयपुर-फुलेरा-मेड़ता रोड-बीकानेर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया जयपुर-रींगस-सीकर-चूरू-बीकानेर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा श्रीडूंगरगढ़, राजलदेसर, रतनगढ़, चूरू, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर, रींगस, ढेहर का बालाजी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 19720, सूरतगढ़-जयपुर रेलसेवा जो 25 व 26 मई को सूरतगढ़ से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा अपने निर्धारित मार्ग बीकानेर-मेड़ता रोड-फुलेरा-जयपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया बीकानेर-चूरू-सीकर-रींगस-जयपुर होकर संचालित होगी।

# पांच हजार लीटर वनस्पति एवं देशी घी सील किया

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में चल रहे "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रीको स्थित एक फैक्ट्री पर दबिश दी जहां बंद पैकेटों में की गई पैकिंग का घी राजस्थान के अलावा कई प्रदेशों में सप्लाई किया जा रहा था। इस घी में मिलावट की आंशका पर इस कार्रवाई के दौरान टीम ने करीब पांच हजार लीटर वनस्पति एवं देशी घी सील किया। इसके साथ साथ मौके से तीन सैंपल लिए।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि मुख्यालय से विभागीय सूचना मिली कि रिको स्थित महादेव इंडस्ट्री में नकली देशी घी का निर्माण किया जा रहा है, यह घी देश के विभिन्न राज्यों उड़ीसा, असम व रायपुर आदि में सप्लाई किया जाता है। वहीं राजधानी जयपुर सहित राज्य के अन्य हिस्सों में भी मिल्क बाइट ब्रांड का घी सप्लाई होता है। यहां पर टीम गठित कर फैक्ट्री पर दबिश दी गई। जहां मौके पर वनस्पति एवं देशी घी पाया गया। टीम ने खुले में रखे गए वनस्पती, प्रोटो ब्रांड का वनस्पति घी एवं मिल्क बाइट ब्रांड का घी के सैंपल लिए। मिलावट की आशंका के चलते टीम ने मौके पर ही 2750 लीटर वनस्पति एवं 2160 लीटर मिल्क बाइट ब्रांड का देशी घी को सील किया। उन्होंने बताया कि सैंपल तत्काल लैब में भेजकर रिपोर्ट करवा कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम में सीओआईईसी विनोद बिश्नोई, एफएसओ हेतराम खुडिया एवं हंसराज गोदारा टीम आदि शामिल थे।

सीएमएचओ ने आमजन से अपील है कि जहां भी अशुद्ध, मिलावटी व अवधिपार खाद्य सामग्री बेचने की आशंका हो, उसकी शिकायत अवश्य करें।

- **रीको में फैक्ट्री सीज, बंद पैकेटों में की गई पैकिंग का घी राजस्थान के अलावा कई प्रदेशों में सप्लाई किया जा रहा था**

## बीकानेर में 24 घंटे में चार शव मिले

**बीकानेर,** (निसं)। शहर में पिछले 24 घंटे में अलग-अलग जगहों से चार युवकों के शव मिले हैं, जहां गुरूवार को दो शव मिले थे, वहीं शुक्रवार को भी दो अलग-अलग जगह युवकों की मौत हो गई। इसमें एमएम ग्राऊंड के पीछे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव देर रात से ग्राउंड के पीछे पड़ा था। सुबह आसपड़ौस के लोगों ने देखकर पुलिस को फोन किया।

फिलहाल शव को पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था। उसके शर्ट का एक हिस्सा फटा हुआ था। ऐसे में उसकी मौत को संदिग्ध माना जा रहा है। युवक की पहचान चुंगी चौकी निवासी विक्रम पुत्र बजरंग के रूप में हुई है। नयाशहर पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना कर दी, जिसके बाद वे पीबीएम अस्पताल पहुंच गए फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत का कारण क्या है?

# कार ने बाइक सवार दंपति को कुचला, मौत



कानोड़ से उदयपुर मुख्य सड़क मार्ग पर हुये हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

**कानोड़,** (निसं)। कानोड़ से उदयपुर मुख्य सड़क मार्ग पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 1 बजे उदयपुर मुख्य सड़क मार्ग पर भाटीया तलाई के पास उदयपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने कानोड़ की ओर से आ रही बाइक को चपेट में ले लिया, जिससे बाइक सवार दंपति गणेश डांगी (52) व बाबुड़ी बाई (45) को ग्रामीणों ने गंभीर हालत में कानोड़ चिकित्सालय पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने दंपति को मृत घोषित कर दिया।

इधर कार चालक कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कार में अन्य लोग भी सवार थे जो भी वहां से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने कार चालक व अन्य लोगों का कानोड़ और भींडर चिकित्सालय में पता करने का प्रयास किया लेकिन दोनों ही नजदीकी अस्पतालों में नहीं मिले। वहीं हादसे की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गई जिससे मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए।

बताया जा है कि मृतक बाइक सवार दंपति गणेश डांगी व बाबुड़ी डांगी जो कानोड़ के निकट बड़ा राजपुरा गांव से प्रसादी गोल वीटी कार्यक्रम में शामिल होकर खाना खाने के बाद पुन: अपने गांव वल्लभनगर लौट रहे थे तो रास्ते में ही सड़क हादसे का शिकार हो गए। मृतक गणेश डांगी वल्लभनगर में किसी बैंक में कार्य करता था।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे में बाइक व कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की जानकारी जैसे ही गांव पहुंची तो लोग चिकित्सालय दौड़ पड़े। घटनास्थल डूंगला थाना क्षेत्र का होने से थानाधिकारी घेवर चंद सहित पुलिस ने पहुंचकर प्रकरण दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया।

- **कार चालक व अन्य सवार लोग कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए**

# ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. सत्येन्द्र चौधरी ए.पी.ओ.

## जे.के. लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी का मामला

- मामले में आरोपी लैब टेक्नीशियन किशन सहाय कटारिया व डॉ. सत्येन्द्र चौधरी के विरूद्ध सीसीए नियम-16 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।
- कमेटी की रिपोर्ट में ब्लड बैंक के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग नहीं पाई गई।
- सात कैमरों में से प्लाज्मा स्टोर रूम में लगे एक कैमरे के तार कटे हुए थे और अन्य उपकरणों से छेड़छाड़ होना पाया गया।
- ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रकरण में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

**जयपुर**। राज्य सरकार ने जयपुर के जेके लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी के मामले में ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सत्येन्द्र चौधरी को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि जेके लोन अस्पताल में लैब टेक्नीशियन द्वारा प्लाज्मा चोरी का मामला सामने आया था। राज्य सरकार ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए लैब टेक्नीशियन किशन सहाय कटारिया को निलंबित कर दिया था और एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए तत्काल प्रभाव से एक कमेटी गठित की गई थी। कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया कि ब्लड बैंक के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग नहीं पाई गई। सात कैमरों में से प्लाज्मा स्टोर रूम में लगे एक कैमरे के तार कटे हुए थे और अन्य उपकरणों से छेड़छाड़ होना पाया गया। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन को सूचना भी नहीं दी गई। इन स्थितियों को संदेहास्पद माना गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सत्येन्द्र चौधरी को कार्य के प्रति उदासीनता एवं पर्यवेक्षणीय लापरवाही का दोषी मानते हुए राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया है।

लैब टेक्नीशियन किशन सहाय कटारिया एवं डॉ. सत्येन्द्र चौधरी के विरूद्ध सीसीए नियम-16 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उधर ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रकरण में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार फोर्टिस अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ भानु लववंशी उर्फ भानु प्रताप को गिरफ्तार किया गया है। वह दलालों से सम्पर्क में रहकर अवैध ट्रांसप्लांट में मदद करता था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में भानु का नाम सामने आया था। ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रकरण में पुलिस अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## 'पक्षकार 50 पेड़ लगाकर केस निस्तारण तक करें उनकी देखभाल'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर की म्यूजियम रोड पर स्थित मंदिर में मूर्तियों और कृष्णानंदजी की तस्वीर पर चंदन लगाने से जुड़े मामले में दोनों पक्षकारों को निर्देश दिए हैं कि वह एक माह में मंदिर परिसर में 25-25 पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करें। इसके साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रहे केस का निस्तारण होने तक हर साल जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में इन पेडों की फोटोग्राफ अदालत में पेश करने को कहा है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश भानू प्रकाश शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका का निस्तारण करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि पेड लगाना पक्षकारों की भगवान और प्रकृति के प्रति आस्था को बढाएगा।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह हमारी संस्कृति और विरासत की रक्षा करें। इसके अलावा किसी को मूर्ति या प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का अधिकार नहीं है, लेकिन किसी को मंदिर में पूजा-अर्चना करने से रोकने का भी अधिकार नहीं है।

# श्रीलंका के दिव्यांगों को जयपुर फुट लगाये जाएंगे



**जयपुर**, (का.सं.)। श्रीलंका में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के संयुक्त तत्वावधान में श्रीलंका के द्विव्यांगों को कृत्रिम पैर जयपुर फुट लगाए जाऐंगे।

कोलम्बों और वाबूनिया के शिविरों के माध्यम से 1000 विकलांगों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में जयपुर फुट के सात तकनीशियन विशेष रूप से श्रीलंकाई द्विव्यांगों को नि:शुल्क कृत्रिम पैर लगाकर चलने-फिरने योग्य बनाएगें।

कोलम्बों में आयोजित उद्घाटन समारोह में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा, श्रीलंका के रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिथा बन्दारा थेनाकून, रक्षा सचिव जनरल कमल गुनारत्ने श्रीलंका के सेवाध्यक्ष बाइकूल लियानागे आदि उपस्थित थे।

समारोह में बी.एम.वी.एस.एस. के कार्यकारी अध्यक्ष और अन्तर्राष्ट्रीय मामलें के निदेशक सतीश मेहता भी उपस्थित थे। सतीश मेहता ने कहा कि भारत सरकार और श्रीलंका आदर्श पड़ोसी राष्ट्र हैं और दोनों देशों के बीच मित्रता और सौहार्द का यह विकलांग पुर्नवास शिविर प्रतीक हैं। उच्चायुक्त संतोष झा ने कहा कि भारत सरकार ओर श्रीलंका के रिश्ते बहुत पुराने और ऐतिहासिक हैं और इससे पूर्व वर्ष 2011 में और वर्ष 2022 में कोलम्बो और जाफना में आयोजित किए गए शिविरों में 3100 से अधिक विकलांगों को लाभान्वित किया गया।

उच्चायुक्त झा ने कहा कि जयपुर फुट की गुणवत्ता और इसकी उपयोगिता को देखते हुए और अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए कोलम्बो और बाबूनिया के शिविरों का आयोजन किया गया है। श्रीलंका के रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिथा बन्दारा थेनाकून ने भारत सरकार और बी.एम.वी.एस.एस. के सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने कहा कि वर्ष 2010 में बाबूनिया के शिविर में 1210, 2011 के जाफना शिविर में 1163, वष 2022 के कोलम्बो शिविर में 509 और जाफना के शिविर में 249 लोगों को लाभान्वित किया गया।

डी.आर. मेहता ने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से श्रीलंका के आठा तकनीशियनों को जयपुर में जयपुर फुट बनाने के लिए प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण का खर्च भारत सरकार ने उठाया। इससे अब श्रीलंका में जयपुर फुट केन्द्र की स्थापना की जा सकेगी और वहीं के तकनीशियनों द्वारा विकलांगों को लाभान्वित किया जा सकेगा।

# दिल्ली की जनता मोदी की गारंटियों के साथ, सभी सात सीटों पर दर्ज करेंगे जीत : गोठवाल

**जयपुर**। भाजपा के प्रदेश महामंत्री और खण्डार विधानसभा के विधायक जितेंद्र गोठवाल लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली प्रवास पर है। इस दौरान उन्होंने पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के चुनाव प्रचार में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली लोकसभा की सभी 7 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी भारी मतों के साथ जीत दर्ज करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे।





भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल व अशोक परनामी सहित भाजपा नेताओं ने दिल्ली लोकसभा चुनावों में प्रचार की कमान संभाली।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने चुनाव प्रचार के दौरान दिल्ली भाजपा के मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक ली और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान परनामी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के प्रति पूरी तरह निष्ठावान और समर्पित है, इसी के चलते आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। परनामी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में प्रवासी राजस्थानियों से संपर्क किया। इसके साथ ही पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी के कार्यालय में जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक बैठक लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा की।

जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति और नीति के साथ है और पीएम मोदी के विकास कार्यों पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करेंगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को नारी शक्ति वंदन विधेयक के माध्यम से अपना हक और सम्मान मिला है। पिछले 10 सालों में देश में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएम मोदी ने विभिन्न योजनाएं शुरू की है। दिल्ली में लोकसभा चुनावों के प्रचार के लिए राजस्थान से प्रदेश मंत्री अजीत मांडण, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत मेहता, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी, प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ और डॉ अपूर्वा सिंह सहित कई भाजपा नेता प्रचार में जुटे हुए हैं।

## शास्त्री नगर में भगवान परशुराम की नियमित पूजा शुरू

**जयपुर**। सर्व ब्राह्मण महासभा की और से आराध्य भगवान परशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्री नगर स्थित कांवटिया सर्किल पर स्थित पीपलेष्वर महादेव मंदिर में पूर्ण विधि विधान से हजारो ब्राह्मणों की उपस्थिति में हुई और आज से यहां भगवान परशुराम जी का नियमित पूजन अर्चन प्रारम्भ हो गया है।

कार्यक्रम संयोजक आशीष पराशर ने बताया कि इस अवसर पर 11 विद्वान पण्डितों से विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ भगवान की प्राण प्रतिश्ठा की। मुख्य यजमान रोहित शर्मा धर्मपत्नी सरोज ने प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पंचकुण्डीय यज्ञ, गणेश मण्डल पूजन, अर्चना, जलाधिवास, अन्नाधिवास, माहान्यास प्राण प्रतिष्ठा के साथ परशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का प्रधानमंत्री पर बयान हास्यास्पद : सी.पी.जोशी

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गए बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि 4 जून तक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐसे बयान देकर अपना दिल बहला सकते हैं और खुश हो सकते हैं। उनको इसकी पूरी छूट है, किन्तु चुनाव परिणाम के बाद गहलोत अपने घर से बाहर निकलने में एवं प्रदेश की जनता को अपना मुंह दिखा पाने में शर्म महसूस करेंगे।

जोशी ने कहा कि प्रदेश की जनता 5 महीने पहले ही कांग्रेस को आईना दिखा चुकी है। जिसके नेतृत्व को प्रदेश की जनता ने नकारा है, वे अनर्गल बयान बाजी कर कर जनता को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। जोशी ने कहा कि भाजपा जहां इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और कल्याणकारी योजना को लेकर जनता के बीच वोट मांग रही हैं, वहीं कांग्रेस जाति, धर्म के नाम पर भड़काकर सत्ता में आना चाहती है। जनता इनकी कुत्सित रणनीतियों को पहचान चुकी है। 4 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद ये अपने घर से नहीं निकल पाएंगे। जोशी ने कहा कि कांग्रेस की साम्प्रदायिक और जातिवादी सोच के कारण देश पहले ही भारी नुकसान सह चुका है। कांग्रेस देश की आस्था और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी है।

## नर्सेज दिवस की पूर्व संध्या पर होगी कैंडल लाइटिंग

**जयपुर**। नर्सिंग प्रोफेशन की जन्मदात्री मिस फ्लोरेंस नाइटिंगल का जन्मदिन हर वर्ष 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष श्याम सिंह ने बताया कि इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के संलग्न विभिन्न अस्पतालों में कार्यारत नर्सेज द्वारा नर्सेज दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार शाम सात बजे एसएमएस अस्पताल के मुख्य द्वार पर द्वीप प्रज्जवलन एवं कैंडल लाइटिंग कर मिस फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जायेंगे। एसोसिएशन के अतिरिक्त महामंत्री भरत लाल जाटव ने बताया कि समारोह में एस एम एस मेडिकल कॉलेज जयपुर के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, एस एम एस चिकित्सालय जयपुर के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी, नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. जोगेंद्र शर्मा तथा मुख्य नर्सिंग अधीक्षक सुरेश कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं नर्सिंग कॉलेज तथा स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्र शामिल होंगे।

वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन नर्सिंग संवर्ग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रेष्ठत्तम नर्स को नर्सेज दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए निदेशालय स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा 8 मई को बैठक आयोजित कर 57 नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

# 'कांग्रेसियों के बयान से दिख रहा, उनका मानसिक दिवालियापन'

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मणिशंकर अय्यर के बयान पर प्रतिक्रिया

**पुणे**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की जनता विश्वास कर रही है। उन्होंने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश का विकास, गरीब कल्याण, सीमाओं की सुरक्षा, दुनिया में देश का गौरव बढ़ाने जैसे अच्छे काम किये है। इसी का नतीजा है कि पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना में हमारी सीटें बढ़ रही हैं। आंध्रप्रदेश में गठबंधन के तहत हम बड़ी संख्या में सीटें जीतेंगे।

उन्होंने कहा कि 4 जून को 400 पार का सपना पूरा होगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने जनता के साथ अब तक सिर्फ धोखा किया है। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार हुआ और जनता ने आतंकवाद एवं नक्सलवाद को देखा। कांग्रेस का संबंध टुकड़े-टुकड़े गैंग से है। मणिशंकर अय्यर के बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेसियों के दिमाग का मानसिक दिवालियापन दिख रहा है, इसलिए वह चुनाव में कुछ भी बोल रहे हैं। कांग्रेस को देश की चिंता नहीं है, वह सिर्फ परिवार की चिंता करती है, इस कारण कांग्रेस पार्टी किसी से भी समझौता कर सकती है। कांग्रेस के लोग हमेशा देश एवं समाज को तोड़ने की बात करते हैं। अब जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। कांग्रेस पार्टी ने भ्रष्टाचार की नई-नई इबारतें लिखी हैं।उन्होंने कहा कि कई विपक्षी दल भ्रष्टाचार पर बात करते हैं, लेकिन अन्ना हजारे के साथ आंदोलन कर भ्रष्टाचार मिटाने की बात करने वाले अरविंद केजरीवाल स्वयं भ्रष्टाचार के दल-दल में डूब गये।

# एच.यू.एफ. शेयर्स के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र को लेकर पद्मनाभ सिंह से मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। जिला न्यायालय महानगर प्रथम ने पूर्व राजपरिवार के एचयूएफ शेयर्स के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के खिलाफ दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए पद्मनाभ सिंह को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने यह आदेश सवाई मानसिंह की दोहित्री उर्वसी देवी के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता रामजी लाल गुप्ता ने अदालत को बताया कि पद्मनाभ सिंह ने पूर्व में 15 शेयर्स के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र को लेकर अदालत में प्रार्थना पत्र पेश किया था। जिसमें एचयूएफ के कुछ शेयर्स भी शामिल थे। इस पर उर्वसी देवी के विरोध करने पर इन शेयर्स को सूची से हटा दिया गया। इस पर अदालत ने 22 अगस्त, 2012 को शेष शेयर्स का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया। ऐसे में उर्वसी देवी ने अपने अधिकार सुरक्षित रखते हुए केस से अलग हो गई। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि इसके बाद इन एचयूएफ के शेयर्स को लेकर पद्मनाभ सिंह ने पुन: प्रार्थना पत्र पेश किया। जिसमें उर्वसी देवी सहित अन्य को पक्षकार नहीं बताया गया। इस प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए अदालत ने पद्मनाभ सिंह के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि यह उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने के दौरान याचिकाकर्ता के पक्ष को नहीं सुना गया। इसके अलावा ये शेयर्स दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमे की विवादित संपत्तियों में शामिल हैं और सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त रिसीवर की अभिरक्षा में है। ऐसे में इस उत्तराधिकार प्रमाण पत्र को निरस्त किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पद्मनाभ सिंह को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# कूकस, नीमराना व कोटा में सी.एन.जी.-पी.एन.जी. सेवाएं शुरू



राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने अधिकारियों की बैठक ली।

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया है कि आरएसजीएल द्वारा कोटा में 25 हजार से अधिक नागरिकों तक ग्रीन एनर्जी-क्लीन एनर्जी सुविधा से जोड़ दिया है। जयपुर के कूकस व नीमराना में सीएनजी व कोटा में सीएनजी व पीएनजी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल द्वारा कोटा में 5064 परिवारों को डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस डीपीएनजी सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि कोटावासियों को रोडमेप बनाते हुए डीपीएनजी-सीएनजी सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। आरएसजीएल द्वारा 10 सीएनजी स्टेशनों का सं3चालन करते हुए वाहनों को ग्रीन एनर्जी उपलब्ध कराई जा रही है वहीं 60 व्यावसायिक कनेक्शन और 13 औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नेचुरल गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

एमडी सिंह ने कोटावासियों से आग्रह किया है कि वे डीपीएनजी कनेक्शन प्राप्त करने के लिए संपर्क करें। आरएसजीएल द्वारा कोटा, नीमराना व कूकस में कारोबार बढ़ाने, नए लोगों को जोड़ने और नवाचार की दिशा में लगातार कदम बढ़ाये जा रहे हैं।

बैठक में डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन, डीजीएम सीएनपी विवक श्रीवास्तव डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया, सीएस दीप्तांशु पारीक, सलाहकार रविशंकर अग्रवाल, पी आर प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर एमडी रणवीर सिंह ने कोटा डीजीएम आनन्द आर्य, सीपी चौधरी व उनकी टीम को बधाई दी और अधिक से अधिक परिवारों को ग्रीन एनर्जी-क्लीन एनर्जी सुविधा से जोड़ने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

## भानपुरकलां स्कूल भवन का जीर्णोद्धार

**जयपुर**, (का.सं.)। भानपुर कलां कस्बे में स्थित राजकीय वरि.उपाध्याय संस्कृत विद्यालय का मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान ने नैक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी व भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से कायाकल्प कर बदल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नैक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट वाईस प्रेसिडेंट सुजीत, ट्रस्ट के संयोजक कौशल सत्यार्थी रहे विद्यालय परिवार की तरफ से सभी आगंतुकों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

## नाबालिग से दुष्कर्म

**जयपुर**। विद्याधर नगर इलाके में ब्लैकमेल कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। दोस्त के रूम पर ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

बेहोशी की हालत में बनाए अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर देहशोषण करता रहा। नाबालिग पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि विद्याधर नगर निवासी सौलह वर्षीय लड़की ने मामला दर्ज करवाया है कि एक रिश्तेदार की शादी में जाने पर नितेश मीना नाम के लड़के ने चुपके से उसके फोटोज खींच लिए। फिर उसके फोटोज को एडिट कर दोस्ती करने का दबाव बनाया और ब्लैकमेल कर मोबाइल पर बात करने लगा।

## शिविर में 51 यूनिट रक्तदान

**जयपुर**। कल्पतरु शिक्षा समिति, रोटरी क्लब जयपुर प्राइड एवं रॉयल राजस्थान रनर्स के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नगर, गोपापुरा बाईपास रोड स्थित परमहंस धाम, मानव उत्थान सेवा समिति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित हुआ।

# स्टैच्यू सर्किल पर तेज रफ्तार कार पलटी, बिजनेसमैन की मौत

- सड़क पर अचानक सामने आ गया था कुत्ता, उसे बचाने के चक्कर में कार पलटकर बिजली पोल से टकराई

**जयपुर**। सी-स्कीम क्षेत्र में स्टैच्यू सर्किल पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार कार पलट गई। रोड पर अचानक आए कुत्ते को बचाने के चलते कार बिजली पोल से टकराई। एयर बैग खुलने के बाद भी कार सवार युवक की मौत हो गई। एक्सीडेंट थाना (साउथ) पुलिस ने परिजनों के लिखित में देने पर बिना केस दर्ज किए शव परिजनों को सौंप दिया, सिर्फ पंचनामा किया गया।

दुर्घटना थाना पुलिस ने बताया कि हादसे में जय सुरोलिया (24) पुत्र रवि कुमार निवासी शिवाजी स्टेडियम नई दिल्ली की मौत हो गई। मृतक जय होटल कारोबार से जुड़े हुए थे। शुक्रवार सुबह करीब 4:45 बजे जय अपनी फॉक्सवैगन कार से स्टैच्यू सर्किल से जा रहे थे। सड़क पर अचानक दौड़ते हुए कुत्ता सामने आ गया। उसे बचाने के चलते ओवर स्पीड कार पलटी खाकर बिजली पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के एयर बैग खुलने के साथ ही बिजली पोल टूटकर नीचे गिर गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने जैसे-तैसे संभालने की कोशिश की। एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल जय को कार से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे हॉस्पिटल भिजवाया गया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने एक्सीडेंट में जय सुरोलिया की मौत की सूचना परिजनों को दी। हॉस्पिटल पहुंचे परिजनों ने एफ.आई.आर. दर्ज करवाने से मना कर दिया। पुलिस को पोस्टमार्टम नहीं करवाने की एप्लीकेशन दी। पुलिस ने परिजनों की सहमति पर पंचनामे की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया। पलटी खाने के बाद कार बिजली पोल में फंस गई थी। पुलिस ने क्रेन की मदद से पोल में फंसी कार को निकाला।

# जीप की टक्कर से 6 वर्षीय मासूम की मौत

**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में तेज रफ्तार जीप की टक्कर से एक मासूम की मौत हो गई। वह अपनी मां के साथ मार्केट खरीदारी करने बाजार आया था। इस दौरान सड़क पार करते समय जीप ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर जीप ले भागा। गंभीर घायल बच्चे को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जीप और चालक की तलाश में जुटी है।

सडक दुर्घटना थाना पुलिस ने बताया कि हादसे में मानसर झुंझुनूं निवासी राजकुमार सैन के छह साल के बेटे मोहित की मौत हो गई। राजकुमार अपनी पत्नी और बेटे मोहित के साथ नींदड़ मोड हरमाड़ा में किराए से रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। तीन मई को शाम पौने सात बजे मोहित अपनी मां के साथ ढेहर के बालाजी मार्केट में खरीदारी करने आया था। इस दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार जीप ने मोहित को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से जीप भगा ले गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में एंबुलेंस की मदद से मोहित को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार सुबह पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## महिपत सिंह की छवि को धूमिल करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं

**बून्दी।** समाजसेवी और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे महीपत सिंह हाड़ा के ऊपर पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही द्वेषतापूर्ण और अनैतिक कार्यवाही के विरोध में आज सर्व राजपूत समाज का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि महिपत सिंह हाड़ा सर्व समाज के हितैषी रहे हैं और पूरे हाड़ौती में समाजसेवी के रूप में जानें जाते हैं। उनकी सामाजिक छवि को धूमिल करने का कुप्रयास किया जा रहा है जिससे सर्व समाज में आक्रोश व्याप्त है। कुछ समय पूर्व भी पुलिस प्रशासन बिना वारंट के हाड़ा के निजी आवास पर पूरे लवाजमे के साथ दबिश के लिए पहुंच गया था जो शुद्ध रूप से अनैतिक है। प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि इस तरह की द्वेषपूर्ण कार्यवाही को बंद किया जाए अन्यथा समाज पूरी ताकत के साथ उठा आंदोलन के साथ सड़को पर उतरेगा। प्रतिनिधिमंडल में क्षित्रय शिक्षा प्रचारिणी समिति अध्यक्ष बलराज सिंह खींची, राजपूत सोश्यल वारियर्स संस्थान के अध्यक्ष रमणराज सिंह हाड़ा, महेन्द्र सिंह धोवड़ा, विजय बहादुर सिंह अजेता, आनंद राज सिंह मालकपुरा, भारत सिंह, जय सिंह नारायणपुर, गोविन्द सिंह पीपल्या, ओम भगवती सिंह ओधंधा, बुधराज सिंह पचीपला आदि शामिल थे।

# भगवान परशुराम प्राकट्यय महोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

### शोभायात्रा का सर्व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया।


सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का प्राकट्यय महोत्सव धूमधाम से मनाया।

**नैनवा ।** सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का प्राकट्यय महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा व स्नेह भोज का आयोजन किया गया ।साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए। अनिल रंगीला व बाबू लाल शर्मा ने बताया कि भगवान रघुनाथ जी महाराज के मंदिर से पूर्ण वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा का प्रारंभ हुआ।डीजे पर भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर मातृ शक्ति झूम रही थी।

युवा जोश से भगवान परशुराम के जय घोष लगा रहे थे।समाज के वरिष्ठ जन शोभा यात्रा के आगे-आगे चल रहे थे। शोभायात्रा का सर्व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया।शोभायात्रा का समापन बस स्टैंड समापन स्थल पर भगवान परशुराम जी की महा आरती के साथ हुआ।इस के पश्चात मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को पारितोषिक प्रदान किया गया साथ ही वरिष्ठ जनों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।इस अवसर पर शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज के महिला पुरुष बुजुर्ग युवक युवतियां बालक उपस्थित रहे।

## अनन्तपुरा क्रिकेट ऐकेडमी ने 100 रनों से जीता

**कोटा, (निसं)।** जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष अनस पठान ने बताया कि कोटा जिला क्रिकेट संघ के द्वारा आयोजित सीनियर-ए डिवीजन लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रथम मैच आज अनन्तपुरा क्रिकेट ऐकेडमी बनाम रेनबो क्लब के मध्य रेल्वे ग्रांउड पर खेला गया। जिसमें अनन्तपुरा क्रिकेट ऐकेडमी के कप्तान अशोक सिंह ने टॉस जीतकर सर्वप्रथम बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अनन्तपुरा क्रिकेट ऐकेडमी की सधी हुई शुरूआत के साथ अनन्तपुरा क्रिकेट ऐकेडमी ने 40 ऑवर में 230 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनायें। जिसमें सर्वाधिक कप्तान अशोक सिंह ने 80 रन व ऋितिक कुमार ने 51 रन व निक्की चौहान ने नाबाद 35 रनों का योगदान दिया। रेबनों क्लब की ओर से आदित्य भोसले ने 2, रेहान हुसैन, कपिल यादव, अमीत यादव व राजदीप ने 1-1 विकेट चटकाऐ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेनबो कल्ब की पारी शुरूआत से ही लड़खड़ाती रही और रेनबो क्लब की पूरी टीम 28 ऑवर में 130 रन पर ऑल आउट हो गई। रेनबो क्लब की ओर से सर्वाधिक अयान खान ने 51 रन तथा रेहान हुसैन ने 20 रनों की पारी खेली। अनन्तपुरा क्रिकेट ऐकेडमी की तरफ से निक्की चौहान ने 5 विकेट, अशोक सिंह ने 2, दिनेश, शाहबाज व अफ्फान ने 1-1 विकेट लिये।

## सार-समाचार

### जयपुर-जबलपुर के बीच चलेगी ट्रेन

**कोटा, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे में निर्माण कार्य के चलते दयोदय एक्सप्रेस कुछ फेरों को आंशिक निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। दयोदय एक्सप्रेस अजमेर-जयपुर के बीच आंशिक निरस्त होने वाली अवधि- गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस दिनांक 30 मई से 08 जून तक (10 ट्रिप) जबलपुर-जयपुर के मध्य चलेगी तथा जयपुर-अजमेर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 12182 अजमेरदूजबलपुर दयोदय एक्सप्रेस दिनांक 31 मई से 09 जून तक (10 ट्रिप) जयपुर-जबलपुर के मध्य चलेगी तथा अजमेर-जयपुर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

### समर कैंप का आयोजन 13 से

**कोटा, (निसं)।** मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी एमबीसीए कोटा के तत्वाधान में सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बूंदी रोड़ नयाखेड़ा कोटा में 13 मई से 25 मई 2024 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। एमबीसीए कोटा के संयोजक अभिमन्यु शर्मा ने बताया कि समर कैंप का संचालन प्रतिदिन प्रात 7.00 से 9.00 बजे तक होगा तथा इसमें क्रिकेट, बॉस्केटबॉल, सेल्फ डिफेंस और जुंबा आदि खेलो का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। समर कैंप में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी प्रतिदिन प्रात 7.00 बजे 9.00 बजे के मध्य सेंट जॉन्स स्कूल बूंदी रोड़ पर संपर्क कर सकते हैं।

### बालाजी मंदिर में कूलर भेंट किया

**कोटा, (निसं)।** आर.के.पुरम बालाजी धाम सेवा समिति की ओर से अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर में भक्तों की सेवा पूजा-पाठ को देखते हुए आर.के.पुरम बालाजी धाम को एक बड़ा हवा कूलर भेंट किया गया। कूलर का पण्डित सुरेन्द्र शास्त्री ने विधिवत पूजन करवाया। यह जानकारी बालाजी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णुनारायण शर्मा ने दी। इस अवसर पर बालाजी धाम के पूर्व अध्यक्ष अशोक यादव, चन्द्रप्रकाश माहेश्वरी, सचिव पृथ्वीराज गोचर, गिरिराज गौतम, गिरिराज गौतम, अशोक जैथलिया, प्रेमलता जैथलिया, राधा शर्मा, अनिता यादव, आदि लोग उपस्थित थे।

# मौसमी बीमारियों को लेकर बरतें विशेष एहतियात : डॉ मित्तल

**बून्दी।** गुरुवार को जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और मौसमी बीमारियों की प्रगति एवं डेंगू, मलेरिया के बढ़ते केस तथा हीटवेव, लू तापाघात के प्रबंधन को लेकर कोटा जोन उप निदेशक डॉ विजय मित्तल एवं कोटा के डिप्टी सीएमएचओ डॉ घनश्याम शर्मा ने विशेष बैठक लेकर मौसमी बीमारियों एवं अन्य की प्रगति को जाना। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में किसी तरह की कोई असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं होगी और लापरवाही पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इन्होंने जनसेवा और जीवन रक्षा का उद्देश्य ही सर्वोपरी बताते हुए अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कमलेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए, उन्होंने जिले की प्रगति से उप निदेशक को अवगत कराया।

असंवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं, सख्त कार्रवाई होगी

मौसमी बीमारियों, लू ताप घात हीटवेव फायर एनओसी सहित अन्य विषयों पर आयोजित इस बैठक में डॉ मित्तल ने कहा कि विगत दिनों में जिले में निकले डेंगू केसो के प्रति बरती गई किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। अत: गंभीरता बरतते हुए आमजन को राहत पहुंचाने का काम सेवा भाव के साथ करे। इस दौरान मौसमी बीमारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम और प्रसार को रोकने के लिए सारी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। मलेरिया की रोकथाम को लेकर प्रदेश में चलाए जा रहे क्रेश कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारी जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अंतर विभागीय समीक्षा साप्ताहिक रूप से होगी। वहीं जिला स्तर पर स्थानीय निकाय विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय कर समुचित तैयारियां की जाएं। अस्पतालों में दवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध हों, एंटी लार्वा गतिविधियां करने के साथ ही आमजन एवं स्कूलों में बच्चों को इन बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए।

अस्पतालों की कराएं फायर सेफ्टी ऑडिट

डॉ मित्तल ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अस्पतालों में मरीजों एवं परिजनों के लिए पानी एवं छाया का समुचित प्रबंध हो। साथ ही इस मौसम में बिजली उपकरणों के अधिक उपयोग के कारण आग लगने की घटनाओं की आशंका रहती है ऐसे में फायर सेफ्टी का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ कमलेश शर्मा ने उन्हें जिले की प्रगति से अवगत कराया! बैठक मै कोटा डिप्टी सीएमएचओ डॉ घनश्याम शर्मा ने बिंदुवार जिले की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए! बैठक के बाद वो शहरी क्षेत्र का हाल जानने यूपीससी रजत गृह पहुंचे और वहां का निरिक्षण किया!

## ई-न्यूज लैटर का विमोचन

**कोटा, (निसं)।** टैक्स बार एसोसिएशन कोटा द्वारा अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शुक्रवार को गोदावरी धाम स्थित गौशाला में गौ सेवा के साथ पक्षियों के दाना-पानी के लिए पात्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोदावरी धाम के महंत शैलेंद्र भार्गव थे। कार्यक्रम में भार्गव ने गौमाता पर विशेष जानकारी प्रदान की। इसके बाद कर विशेषज्ञों ने गौ माताओं को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर उनकी सेवा की। टैक्स बार एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष सीए ऋषभ मित्तल व सचिव सीए हितेश दयानी ने बताया कि बेजुबान पक्षियों के पानी पीने के लिए पात्र वितरित किए गए। साथ ही कर विशेषज्ञों से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने की भी अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान गोदावरी धाम स्थित गौशाला परिसर आध्यात्मिक माहौल के साथ-साथ जयकारों के गुंजायमान हो उठा।

# भीषण गर्मी के मद्देनजर कलेक्टर ने स्कूलों का समय बदला



बूंदी में भीषण गर्मी के मद्देनजर कलेक्टर ने स्कूलों का समय बदला ।

**बून्दी।** प्रदेश में मौसम विभाग द्वारा हीट वेव की चेतावनी व भीषण गर्मी के चलते बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने आदेश जारी करते हुए कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों का समय परिवर्तित किया है। आदेश के तहत जिले की सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों का समय सुबह 7:30 बजे से 11:00 तक किया गया है। आदेश की पालना को लेकर शिक्षा विभाग ने जिले की सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्था प्रधानों को पाबंद किया है।

आदेश की अवहेलना करने पर विद्यालय के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।वहीं भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते बूंदी जिले का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जिसके चलते शहर की सड़कें चौराहे वीरान नजर आने लगे है। वही शीतल पेय पदार्थों जूस आइसक्रीम की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर से विद्यालय का समय परिवर्तन करने को लेकर चर्चा की थी जिसके बाद जिला कलेक्टर ने जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी एक से आठ तक के विद्यालयों का समय सुबह 7:30 से 11:00 तक कर दिया। जिसकी पालन को लेकर समस्त सरकारी व गैर सरकारी संस्था प्रधानों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

# उत्साह पूर्वक किया दान ही श्रेष्ठदान : आदित्य सागर

■ व्यक्ति को सदेव मधुर वचन ही बोलने चाहिए

**बूंदी।** जब कभी किसी तीर्थ या ट्रस्ट में दान करे तो अपने परिणामों को विशुद्ध रखते हुए दान करे क्योंकि विशुद्ध भाव और उत्साह पूर्वक किया हुआ दान ही श्रेष्ठहोता है। यह बात देवपुरा स्थित दिगंबर जैन चौबीसी मंदिर में आदित्य सागर महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कही। मुनि ने आगे कहा की व्यक्ति को सदेव मधुर वचन ही बोलने चाइए क्योंकि सज्जनों की पहचान उसी से होती है जो हमेशा अपने मन में सहज भाव रखें और चचन में मधुरता बनाए रखे।

धर्मसभा का प्रारंभ दीप प्रज्वलन ओम बड़जात्या, महावीर धनोप्या, वार्ड पार्षद देवराज गोचर, हरिशंकर सैनी द्वारा किया गया। आराध्या जैन ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मुनि का पाद प्रक्षालन हुआ जिसका सौभाग्य श्रीमान कैलाश चंद, ओमप्रकाश, अंकुर, आयुष, रक्षित कुमार ठग को प्राप्त हुआ शास्त्र भेट करने का सौभाग्य जोतमल, राजेंद्र कुमार, कमल कुमार, हिमांशु, लबी कोटिया को प्राप्त हुआ।

अक्षय तृतीया के पावन अवसर मुनि की संगीतमय भक्ति पूर्वक पूजन एवम उसके पश्चात प्रवचन होंगे तथा मुनि संघ का आहार चर्चा के लिए विशेष पढ़गाहन होगा। आयुष जैन में बताया जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के इस दिन प्रथम बार इक्षु रस से आहार होने के उपलक्ष में इक्षु रस का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश ठग द्वारा किया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी अध्यक्ष विनोद कुमार कोरिया, महामंत्री ओमप्रकाश ढंग, कोषाध्यक्ष अशोक धनोत्या सुरेश कोटिया, महावीर कोटिया महेंद्र सामरिया, एवम समाज के कही गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चिकित्सक की सेवाऐं प्रारम्भ

**कोटा, (निसं)।** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा मण्डल के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया की संघ की ओर से विगत कई वर्षों से मंडल चिकित्सालय कोटा में रेलवे कर्मचारी एवं उनके परिवारों के लिए सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की मांग निरंतर की जा रही थी। संघ के द्वारा मुख्यालय पीनएनएम एवं मंडल पीएनएम मीटिंग में भी इस विषय को गंभीरता से चर्चा में रखा गया जिस पर रेल प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए रेलवे चिकित्सालय कोटा में हृदय, न्यूरो, गायनिक एवं स्पाईन रोग के सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सेवाऐं प्रारम्भ कर दी गई है।

# 'सभी समाजों में सामूहिक विवाह सम्मेलन होना आवश्यक'

**कोटा, (निसं)।** कोटा शहर गिरधरपुरा वार्ड नंबर 1 में आयोजित फूल माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में आये हुए भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन को आयोजनकर्ताओं ने सॉफा, माला पहनाकर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने आयोजनकर्ताओं को सम्मान के लिये आत्मिक आभार प्रकट किया। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने अक्षय तृतीया पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि सभी समाजों में सामूहिक विवाह सम्मेलन होना आवश्यक है। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर समाजबंधु अपने बच्चों का विवाह, सामुहिक विवाह सम्मेलन के जरिये आसानी से कर सकते है। सरकार की तरफ से भी नवदम्पती को आर्थिक सहयोग मिलता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में बिना किसी भेदभाव के सभी जोड़े एक जैसे विवाह जोडे में विवाह के लिये बैठते है। सभी का एक साथ पाणिग्रहण संस्कार होता है। पूरा समाज इस पल का साक्षी होता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने परिणय सूत्र में बंधे 101 नवदम्पती जोड़ो को शुभाशिष दिया। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि माली समाज खेतों में अपना खून पसीना बहाकर, अपने मेहनत से जो उत्पादन करता है उससे देश में अनेकों को रोजगार मिलता है। माली समाज मेहनकस समाज है। देश के आर्थिक विकास में माली समाज का बहुत बड़ा योगदान है। धन्नालाल, कालू लाल, पप्पू, पुराण, ओमप्रकाश, विजय कछावा, रामस्वरूप, महावीर, डॉ. हेमराज, बद्रीलाल, गणेशलाल, ललित, महावीर, महावीर सुमन, पार्षद राकेश सुमन पुटरा, सत्यम सुमन, देवराज सुमन, पिंटू सुमन, दीपक सुमन, जीतू सुमन, महावीर मार्बल, राकेश सुमन, सूरज सुमन, कन्हैया लाल सुमन, रमेश सुमन सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहें।

## मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित

**नैनवां ।** भगवान परशुराम जयंती जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन श्री नीलकंठ महादेव मंदिर पर किया गया। जिसमें कई महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती मधु श्रृंगी, श्रीमती रचनेश गौतम, श्रीमती प्रियंका शर्मा द्वारा परशुराम जी के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सभी अतिथियों का माल्यार्पण का स्वागत सत्कार किया गया मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीष गौतम ने द्वितीय स्थान कशिश गौतम ने और तृतीय स्थान पर जानवी शर्मा और गिरिजा शर्मा रही कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल रंगीला ने किया ।

## श्रीमद्भागवत महोत्सव 12 से

**कोटा, (निसं)।** मां दुर्गा नवयुवक मंडल द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानामृत सप्ताह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में व्यास पीठ से आचार्य चंद्रशेखर शर्मा अपनी अलौकिक भावमयी वाणी से कथा का श्रवण कराएंगे। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अजय भान सिंह शक्तावत ने बताया कि महोत्सव कार्यक्रम 12 मई से आयोजित होंगे जिसमें सर्व प्रथम रविवार को भव्य कलश यात्रा प्रात: 9.00 बजे निकाली जाएगी। कलश यात्रा श्री गणेश मंदिर खंडगांवडी से प्रारंभ होगी और विभिन्न मार्गो से होते हुए मां दुर्गा नवयुवक मंडल अम्बेडकर पार्क दोस्तपुरा पहुंचेगी। कलशयात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चलेंगी। कलश यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। आचार्य पंडित चंद्रशेखर शर्मा द्वारा होगा कथा का वाचन 12 में से 18 मई तक किया जाएगा। आयोजन बृजमोहन नामा एवं श्याम नामा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानव कल्याण समिति कोटा ने बताया कि 12 मई को दोपहर 3.00 बजे भागवत कथा महात्म्य एवं नारद चरित्र का प्रसंग के साथ कथा का प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि 13 मई को कुंती स्तुति परीक्षित चरित्र कपिल देवहुति संवाद का आयोजन किया जाएगा। मां दुर्गा नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष चंचल नामा ने बताया कि 14 मई को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र एवं अजामिल आख्यान का आयोजन होगा। 15 मई को प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार और राम कथा का आयोजन संगीत में रूप से किया जाएगा।

# मानव अस्तित्व के लिए प्रकृति संरक्षण जरूरी है: डॉ संदीप यादव

### उमंग संस्थान द्वारा कन्या महाविद्यालय में पक्षियों के लिए बांधे परिंडे


उमंग संस्थान के सेव बर्ड्स अभियान के तहत् महाविद्यालय प्रांगण में बेजुबान पंछियों के लिए परिंडे बांधे।

**बूंदी।** वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण एवं बिगड़ते प्रकृति संतुलन ने मानव जीवन पर विपरीत प्रभाव डाला है ऐसे में मानव अस्तित्व के लिए प्रकृति संरक्षण बहुत जरूरी हो गया है। यह बात राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने बुधवार को उमंग संस्थान के सेव बर्ड्स अभियान के तहत् महाविद्यालय प्रांगण में बेजुबान पंछियों के लिए परिंडे बांधकर कहीं।

संस्थान के परिंडा अभियान की सराहना करते हुए डॉ यादव ने इसे कहा कि पक्षी प्रकृति व हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन की कल्पना प्रकृति के बिना नहीं की जा सकती, ऐसे में आज हमें पर्यावरण हितैषी आदतों को विकसित कर नई पीढ़ी को स्थानांतरित करना चाहिए। संस्थान समन्वयक डॉ सर्वेश तिवारी ने संस्थान के अभियान के माध्यम से विभिन्न राज्यों में चलाई जा रही पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। संस्थान अध्यक्ष डॉ सविता लोरी के साथ महाविद्यालय के डॉ. वीरमदेव, डॉ विनोद कुमार मीणा, डॉ हेमराज सैनी, डॉ मणिलता पंचनोत व डॉ चंपा अठावाल ने परिंडे बांधकर उनमें नियमित जल व्यवस्था का संकल्प लिया। सचिव कृष्णकांत राठौर ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सौरभ तगाया, अब्दुल हनीस सहित कन्या महाविद्यालय एवं उमंग संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**कोटा, (निसं)।** जेसीआई कोटा उड़ान की ओर से पहली बार कोटा में इंटर क्लब फैमिली बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 11 व 12 मई को बूंदी रोड़ स्थित एक टर्फ ग्राउंड में किया जाएगा। जेसीआई कोटा की अध्यक्ष नेहा जैन ने बताया कि इंटर क्लब फैमिली बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता में कोटा की प्रमुख संस्थाएं दी एसएसआई एसोसिएशन, रोटरी क्लब कोटा, कोटा सीए ब्रांच, सर्राफा वॉरियर्स, जेसी एलुमनी क्लब व जेसीआई कोटा उड़ान की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के चेयरमैन प्रियंक माहेश्वरी ने बताया कि प्रत्येक टीम में 5 मेल, 3 फीमेल व 3 बच्चे शामिल रहेंगे, जिससे यह एक पूर्ण रूप से फैमिली इवेंट बन गया है। जेसीआई कोटा उड़ान के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अभिषेक खूबचंदानी व राहुल जैन ने बताया कि पहली बार इस टूर्नामेंट को यू-ट्यूब पर भी लाइव दिखाया जाएगा। प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. शुभम चौधरी, नमन गेरा व गौरव अगीवाल ने पूरी रूपरेखा बनाई। इसके बाद सभी 6 टीमों को ग्रुप में बांटा गया। संस्था की ओर से टीमों की टी-शर्ट का विमोचन शुक्रवार को एक कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विभोर लोढ़ा एवं महिमन राठी सचिन अरोरा आदि की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष समीर सूद, रोटरी टीम के कप्तान कपिल अग्रवाल, कोटा सीए टीम के कप्तान सीए प्रकाश चौधरी, डॉ.अनीश खंडेलवाल, सीए अनीश माहेश्वरी व सीए निखिल जैन भी उपस्थित थे।

# डीआरएम ने निर्माण कार्य की प्रगति का किया निरीक्षण


कोटा डीआरएम के द्वारा चल कार्यो का निरीक्षण किया गया ।

**कोटा, (निसं)।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मंडल के 17 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। जिसकी कुल लागत 356.85 करोड़ है। पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का नियमित निरीक्षण मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी द्वारा किया जा रहा है। जिससे कार्य गुणवत्तायुक्त तीव्र गति से पूर्ण किया जा सके। इसी क्रम में 10 मई को डीआरएम ने कोटा-गंगापुर सिटी खण्ड का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डीआरएम ने मुख्य रूप से उक्त खण्ड पर संरक्षा पहलुओ एवं स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्य का गहन अवलोकन किया। डीआरएम के साथ निरीक्षण में संबंधित विभाग के शाखा अधिकारी तथा पर्यवेक्षक मौजूद रहे। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटको का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोटा-गंगापुर सिटी खण्ड के सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिसमें सवाईमाधोपुर 38.86 करोड़ एवं गंगापुर सिटी 24.50 करोड़ की लागत से उक्त स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुर्नविकास कार्यों में तीव्रता एवं गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (टीआरडी) एम.एस.मीना एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



विराट कोहली अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिये बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।'' - टॉम मूडी

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, विराट कोहली के बारे में कहा।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी : साई सुदर्शन



गुजरात के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज 1,000 रन पूरे करने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। आईपीएल 2024 में सुदर्शन का बल्ला जमकर रनों की बरसात कर रहा है, जिसमें वो 500 से भी अधिक रन बना चुके हैं। आईपीएल में सबसे तेज 1,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर थे। तेंदुलकर ने 31 पारियां खेलकर साल 2010 में एक हजार रन पूरे किए थे, जिनमें उनका औसत 34.8 का रहा था। अब गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज साई सुदर्शन ने 25 पारियों में ही एक हजार रन पूरे कर लिए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** अपने टेस्ट जीवन की पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाये।

## गिल व सुदर्शन ने जड़े शतक, चेन्नई को 35 रन से हराया

### गुजरात की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम, मोहित को 3 विकेट मिले, गिल ने आईपीएल का 100 वां शतक लगाया



अहमदाबाद, 10 मई। गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 59वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हरा दिया। चेन्नई ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन ही बना सकी। कप्तान शुभमन गिल (104 रन) ने इतिहास का 100वां शतक जमाया। गिल के बाद साई सुदर्शन (103 रन) ने भी करियर की पहली सेंचुरी पूरी की। दोनों ने 210 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। चेन्नई सुपर किंग्स से तुषार देशपांडे ने 2 विकेट लिए। सीएसके से डेरिल मिचेल ने 63 रन, मोईन अली ने 56 रन, एमएस धोनी ने 26 और शिवम दुबे 21 रन बनाए। मोहित शर्मा ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए।

आज यहां चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुजरात टाइटंस की साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए मैदान के चारों शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये रिकार्ड अवजित 210 रनों की साझेदार की। 18वें ओवर में तुषार देशपांडे ने साई सुदर्शन को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। साई सुदर्शन ने 51 गेंदों में पांच चौके और सात छक्के लगाते हुये (103) रन बनाये। शुभमन गिल ने 55 गेंदों में नौ चौके और छह छक्के लगाते हुये (104) रनों की पारी खेली।

## न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने क्रिकेट को कहा अलविदा

### टी-20 विश्वकप में नहीं मिली जगह



क्राइस्टचर्च, 10 मई। न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने आगामी टी20 विश्व कप के लिये टीम में जगह नहीं मिलने के बाद शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मुनरो ने न्यूजीलैंड के लिये एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी20 मैच खेलकर 3010 रन बनाये हैं। टी20 क्रिकेट में उनका औसत 156 . 44 रहा। वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने सभी टी20 स्पर्धाओं में मिलकर 10000 से अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने 428 टी20 मैचों में 10961 रन बनाये हैं जिनमें उनका स्ट्राइक रेट 141.25 रहा। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिये आखिरी मैच 2020 में भारत के खिलाफ टी20 खेला था। मुनरो ने एक बयान में कहा ,'' न्यूजीलैंड के लिये खेलना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से रहा। मैंने 123 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिस पर मुझे गर्व है।'' उन्होंने कहा ,''मैने लंबे समय से नहीं खेला है लेकिन मुझे वापसी की उम्मीद बनी हुई थी। अब न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम के ऐलान के बाद मेरे लिये विदा लेने का सही समय है।'' वह दुनिया भर में टी20 लीग खेलते रहेंगे।

## बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को पांच रन से हराया, सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त

मीरपुर, 10 मई। तंजिद हसन (52) की अर्धशतकीय पारी और सौम्य सरकार (41) रनों की शानदार पारियों के बाद शाकिब अल हसन चार विकेट और मुस्तफिजुर रहमान तीन विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश ने चौथे टी-20 के बेहद रोमांचक मुकाबले में जिम्बाब्वे को पांच रन से पराजित कर सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़ त बना ली है। यहां शुक्रवार को जिम्बाब्वे ने टॉस जीता और बल्लेबाजी के लिए बंगलादेश की टीम को आमंत्रित किया। बंगालदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 143 रन पर सिमट गई थी। तंजिद हसन के अलावा सौम्य सरकार (41), मोहम्मद तौहिद हदोय (12), नजमुल शांतो (02), शाकिब उल हसन (01), जाकेर अली (06), रिशाद हुसैन (02), तस्किन अहमद (शून्य), तंजीम हसन साकिब (06), मुस्तजिफुर रहमान (03) और तनवीर इस्लाम (03) रन बनाकर कर आउट हुये। जिम्बाब्वे की ओर से ल्यूक जॉन्गवे ने तीन विकेट लिये। ब्रायन बेनेट और रिचर्ड एनगरावा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। ब्लेसिंग मुजाराबानी तथा सिकंदर रजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 144 रन का पीछा करने करने की उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ब्रायन बेनेट (शून्य) का विकेट गवां दिया। जिम्बाब्वे की ओर से जोनाथन कैंपवेल (31) को छोड़ कर कोई भी बल्लेबाज बंगलादेश के गेंदबाजों के आगे टीक नहीं सका। तड़िवनाश मरुमानी (14), ब्रायन ब्रेनेट (शून्य), सिकंदर रजा (17), क्लाइव मंडाडे (12), रायन बले (19), ल्यूक जॉन्गवे (01), बेलिंग्टन मसाकाट्जा (19 नाबाद), ब्लेसिंग मुजराबानी (08) और रिचर्ड एनगरावा (06) रन बनाकर आउट हुये। बंगलादेश की ओर से शाकिब अल हसन ने चार विकेट लिये। मुस्तफिजुर रहमान को तीन विकेट लिये। तस्किन अहमद ने दो और रिशाद हुसैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पीजीडीएवी ने जीता टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

नयी दिल्ली, 10 मई। अमन भारती( 21 रन पर 4 विकेट) की घातक गेंदबाजी और श्रेष्ठ पी. यादव (39 गेंद में 74 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत पीजीडीएवी कॉलेज ने आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज को सात विकेट से पराजित कर द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया। फाइनल मुकाबले में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज (आरएसडी) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पीजीडीएवी कॉलेज के शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए आरएसडी को 19.2 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। आरएसडी कॉलेज के ज्योति आदित्य ने 27 गेंद में 46 रन बनाए। वहीं पीजीडीएवी के अमन भारती ने 3.2 ओवर में 21 रन देकर चार विकेट लिये। 135 रनों के लक्ष्य के जवाब में पीजीडीएवी कॉलेज टीम ने 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 136 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रेष्ठ पी. यादव ने 39 गेंदों में 74 रन और काव्य ने 33 गेंदों में 40 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। पीजीडीएवी के श्रेष्ठ पी. यादव को प्लेयर ऑफ द मैच एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार से नवाजा गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार अभिक को दिया गया। अमन भारती सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुने गये। सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर का पुरस्कार आर्यन शर्मा को दिया गया।

## कोहली को आगामी टी-20 विश्वकप में पारी का आगाज करना चाहिए : गांगुली

बेंगलुरु, 10 मई। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम से इतर पीटीआई से कहा, ''विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिये, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिये उसे पारी का आगाज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने टी20 विश्व कप के लिए संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका में 2007 में शुरूआती टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। गांगुली ने कहा, ''यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है।'' उन्होंने कहा, ''बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है। '' आईपीएल के मौजूदा चरण में 250 रन का स्कोर आसानी से बन रहा है और 51 साल के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि भविष्य में भी यही चलन जारी रहेगा। गांगुली ने कहा, ''आने वाले वर्षों में भी यही चलन जारी रहेगा। टी20 अब ताकत का खेल बन गया है और ऐसा होना ही था। मैं संजू सैमसन की प्रतिक्रिया पढ़ रहा था जिसमें उन्होंने कहा कि आधुनिक टी20 में सुस्ताने की कोई जगह नहीं है। आपको सिर्फ हिट करना होता है और यह ऐसा ही रहेगा। अब हम आईपीएल में नियमित रूप से 240, 250 रन के स्कोर देख रहे हैं। इसका मुख्य कारण बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच भी है और भारत में मैदान भी इतने ज्यादा बड़े नहीं हैं।

## बीसीसीआई मुख्य कोच के लिए अगले हफ्ते जारी करेगा विज्ञापन

मुंबई, 10 मई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगर टी20 विश्व कप के बाद भी पद पर बने रहना है तो उन्हें फिर से आवेदन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नये कोच की नियुक्ति तीन साल के लिये होगी। द्रविड़ का करार शुरू में दो साल का था लेकिन उन्हें और सहयोगी स्टाफ को नवंबर में 50 ओवरों के विश्व कप के बाद कार्यकाल में विस्तार दिया गया। शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में चुनिंदा मीडिया से कहा ,'' हम अगले कुछ दिन में आवेदन मंगवायेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने वाला है। उन्हें पद पर बने रहना है तो फिर से आवेदन करना होगा। हमें दीर्घकालिन कोच चाहिये, तीन साल के लिये।''

उन्होंने यह भी कहा कि अलग अलग प्रारूपों के लिये अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है लेकिन अंत में फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। समिति में जतिन परांजपे, अशोक मल्होत्रा और सुलक्षणा नाईक हैं। शाह ने कहा ,'' भारतीय क्रिकेट में अलग अलग प्रारूपों के लिये अलग कोच रखने का चलन नहीं रहा है। इसके अलावा हमारे पास कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो सभी प्रारूपों में खेलते हैं जैसे ऋषभ पंत, विराट कोहली और रोहित शर्मा। ''

उन्होंने कहा ,''यह फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति को लेना है। जो फैसला वह लेंगे, मैं उस पर अमल करूंगा। अगर वे कहेंगे कि विदेशी कोच चाहिये तो मैं दखल नहीं दूंगा।'' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति के अध्यक्ष के रूप में ठोग बार्कले का कार्यकाल इस साल खत्म हो रहा है लेकिन शाह ने यह नहीं बताया कि वह इस पद की दौड़ में हैं या नहीं। उन्होंने कहा ,'' मुझे यहां बीसीसीआई में रहने दीजिये। अटकलें लगने दीजिये लेकिन मुझे यहां रहने दीजिये। क्या मैं अच्छा काम नहीं कर रहा हूं।

## केकेआर और मुंबई के बीच मैच आज

नई दिल्ली, 10 मई। कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार (11 मई) को ईडन गार्डन्स में मुंबई इंडियंस का सामना करेगी। केकेआर 11 में से आठ मैच जीतकर अंक तालिका में टॉप पर है। नाइट राइडर्स ने अपने पिछले पांच मुकाबलों में चार में जीत दर्ज की है। वहीं, मुंबई ने अपने 12 मैचों में चार जीते हैं। प्वाइंट्स टेबल में आठवें पायदान पर है। एमआई ने अपने पिछले पांच मुकाबलों में से एक मैच जीता है। कोलकाता और मुंबई ने एक-दूसरे के खिलाफ 33मैच खेले हैं। केकेआर ने 10 और एमआई ने 23 मुकाबले जीते हैं। कोलकाता का मुंबई के खिलाफ उच्चतम स्कोर 232 है। जबकि केकेआर के खिलाफ इंडियंस का हाईस्कोर 210 है। दोनों टीमों के बीच आखिरी मैच इस साल 3 मई को हुआ था। वेंकटेश अय्यर (70 रन) कोलकाता की जीत के हीरो रहे थे। ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन मानी जाती है। यहां उछाल के साथ सपाट सतह है, जो बल्लेबाजों को शॉट आसानी से खेलने में मदद करता है।

## निकहत जरीन को मिलेंगे हाई-टेक उपकरण, शरत कमल जर्मनी में लेंगे प्रशिक्षण



नयी दिल्ली, 10 मई। युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन को पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी के लिए उच्च तकनीकी (हाई-टेक) उपकरण उपलब्ध कराने अनुरोध और टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को जर्मनी में प्रशिक्षण को मंजूरी दे दी है।

इन अत्याधुनिक उपकरणों में लेजर यूनिट-बीटीएल, एंकल रैप गेम रेडी, फुल लेग रैप गेम रेडी, हैंड रिस्ट रैप गेम रेडी और ट्रॉली बीटीएल लेजर यूनिट शामिल हैं। इन सभी में हाई-इंटेंसिटी वाले लेजर एप्लीकेशन का उपयोग किया जाता है जो ऑपरेटर की आवश्यकता के बिना समान रूप से ऊर्जा के प्रसार को नियंत्रित करता है। ये उपकरण पीठ जकड़न, मांसपेशियों के दर्द को कम करने और चोट से उबरने में अत्यधिक प्रभावी होती है। निकहत जरीन ने हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 में कांस्य पदक जीतने के बाद महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग में आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए पहले ही अपनी जगह पक्की कर ली थी।

एमओसी ने शरत कमल के जर्मनी के डसेलडोर्फ में राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रशिक्षण केंद्र में उनके कोच क्रिस फिफर और सेंटर कोच डैनी हेस्टर के सानिध्य में 22 दिनों के प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। यह धनराशि टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टोप्स) पहल के तहत आवंटित की जाएगी, जिसका उद्देश्य भारतीय एथलीटों को वैश्विक आयोजनों, विशेषकर ओलंपिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करना है।

पेरिस 2024 में जाने वाली रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी के कोच ब्रेंट वालेंस के तहत ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी गई है। प्रियंका, जो पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाली पहली भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट थीं, वह कैनबरा के पास उच्च तकनीकी वाले प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण लेंगी और आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों की तैयारी के लिए कुछ स्थानीय प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेंगी।

## प्लेऑफ की रेस में बरकरार है आरसीबी

बेंगलुरु, 10 मई। फाप डु प्लेसिस की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बीते चार मैचों में धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। हाल ही में टीम ने शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत को हासिल करने के साथ ही आरसीबी फिर से आईपीएल के प्लेऑफ की रेस में जगह बनाने में कामयाब हो गई है। आरसीबी ने नौ मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पंजाब किंग्स को 60 रनों से हराया है। इस जीत के साथ आरसीबी की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बनी हुई है।

वहीं पंजाब अब इस हार के बाद प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। वहीं इस जीत से आरसीबी की उम्मीद प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अब भी बरकरार है। आरसीबी 12 मैचों में से पांच में जीत दर्ज कर चुकी है। पांच जीत हासिल करने के साथ ही पॉइंट्स टेबल में आरसीबी सातवें नंबर पर है। पंजाब जो अबतक आठवें नंबर पर थी वो आरसीबी से हारने के बाद नौवें नंबर पर पहुंच गई है। पंजाब 12 में से चार मैच जीती है।

आईपीएल की बात करें तो आरसीबी ने चार मैच जीत कर खुद को प्लेऑफ की रेस में शामिल किया है। आरसीबी के दमदार खेल के कारण चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपरजाइंट्स और दिल्ली कैपिटल का प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल लग रहा है। आईपीएल में प्लेऑफ का समीकरण समझने से पहले प्वाइंट्स टेबल पर भी नजर डालते है। पंजाब पर जीत दर्ज करने के बाद 5 मैच जीत कर रॉयल चैलेंज बैंगलोर 10 अंक के साथ है।

## आयरलैंड ने पाक को 5 विकेट से दी पटखनी

डबलिन, 10 मई। एंडी बैलबर्नी (77) और हैरी टेक्टर (36) रनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर आयरलैंड ने शुक्रवार को पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रन का स्कोर खड़ा किया था। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में मोहम्मद रिजवान (1) का विकेट गवां दिया। सईम अयूब और कप्तान बाबर आजम ने पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिये 85 रनों की साझेदारी हुई। सईम अयूब ने 29 गेंदों में (45) और बाबर आजम ने 43 गेंदों में (57) रनों की पारी खेली। फखर जमान(20) आजम खान (शून्य) और शदाब खान (शून्य) पर आउट हुये। इफ़्तिख़ार अहमद ने 15 गेंदों में नाबाद 37 रनों की पारी खेली।

## धीमी शुरुआत के बाद डी गुकेश की धमाकेदार वापसी, प्रज्ञानानंदा रहे तीसरे स्थान पर



नई दिल्ली, 10 मई। विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने धीमी शुरुआत के बाद डी गुकेश ने जोरदार वापसी की। गुकेश ने शुक्रवार को सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से ड्रॉ खेलने से पहले हमवतन आर प्रज्ञानानंदा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी। प्रज्ञानानंदा ने पांचवें दौर में होलैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनाई हुई है जबकि प्रज्ञानानंदा और शेवचेंको सात सात अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव, गुकेश और अर्जुन एरिगेसी छह छह अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं।

ये सभी स्थानीय स्टार डुडा जान क्रिस्तोफ से पूरे एक अंक आगे हैं। चार अंक से केमर नौवें स्थान पर हैं और गिरी से पूरे एक अंक आगे हैं। हालांकि रोमानिया के किरिल शेवचेंको का स्वप्निल सफर एरिगेसी ने समाप्त किया जिन्होंने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। पहले दो दौर में हार के बाद ड्रा खेलने वाले गुकेश ने चौथे दौर में प्रज्ञानानंदा को 41 चाल में पराजित किया। इसके बाद गुकेश ने केमर को हराया और कार्लसन से बाजी ड्रॉ कराई।

## ईशान, अय्यर को केन्द्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का : जय शाह



मुंबई, 10 मई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिये कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे।

शाह ने बीसीसीआई कार्यालय पर मीडिया से बातचीत में कहा ,'' आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं।'' उन्होंने कहा ,''वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था। मेरा काम बस उस पर अमल करने का है। हमें संजू सैमसन जैसा अच्छा खिलाड़ी मिल गया। कोई भी अपरिहार्य नहीं है।'' शाह ने कहा कि उन्होंने बाद में दोनों खिलाड़ियों से बात भी की।

उन्होंने कहा ,'' मैने उनसे बात की। मीडिया में रिपोर्ट भी आई थी। हार्दिक पंड्या ने भी कहा था कि अगर बीसीसीआई सफेद गेंद के क्रिकेट के लिये उन्हें चुनता है तो वह विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेलने के लिये तैयार है। हर खिलाड़ी को खेलना होगा , भले ही वह नहीं चाहता हो।'' गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच मैच के बाद उन्होंने ईशान से क्या बातचीत की, यह पूछने पर उन्होंने कहा ,'' मैने उसे कोई सलाह नहीं दी। यह दोस्ताना बातचीत थी कि उसे अच्छा खेलना चाहिये। मैं सभी खिलाड़ियों से ऐसे ही बात करता हूं।

## भारतीय खिलाड़ियों को खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टॉफ से मदद मिलेगी : पीटी उषा

नयी दिल्ली, 10 मई। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को पेरिस में सर्वोत्तम संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा और समय की बचत के लिए खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ को खेल गांव के करीब रखा जाएगा। पेरिस में भारतीय एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद भारत लौटीं उषा ने कहा कि आईओए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। चेटेउरौक्स निशानेबाजी क्रेंद पेरिस से लगभग दो घंटे की दूरी पर है, जबकि ले गोल्फ नेशनल ओलंपिक हब से एक घंटे की दूरी पर है।

उन्होंने यहां जारी बयान में कहा, ''हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहयोगी सदस्यों के लिए आवास सुरक्षित करने में सक्षम हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें।''

पूर्व दिग्गज धाविका ने मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे है। उन्हें शीर्ष प्रदर्शन हासिल करने के लिए बेहतर समर्थन प्रणाली की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, '' एक खिलाड़ी और खुद कोच के तौर पर मैंने हमारे एथलीटों के लिए समर्थन प्रणाली के विकास को देखा है। वे प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा के दृष्टिकोण में बहुत पेशेवर हो गए हैं।

## शतरंज की ट्रेनिंग भले ही सस्ती दिखे लेकिन यह खेल काफी महंगा है : प्रज्ञानानंदा



वारसॉ, 10 मई। युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शुक्रवार को शतरंज के लिए मजबूत वित्तीय समर्थन की मांग करते हुए इस अवधारणा को खारिज किया कि इस खेल में ट्रेनिंग के लिए कम वित्तीय राशि की जरूरत होती है। प्रज्ञानानंदा ने हाल में पहली बार टोरंटो में फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था और वह इस समय ग्रां शतरंज टूर के अंतर्गत रैपिड एवं ब्लिट्ज पोलैंड में खेल रहे हैं। इस 18 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''शतरंज की ट्रेनिंग भले ही आसान और सस्ती दिखे लेकिन इसके लिए यात्रा करना और सामान इकट्ठा करना बहुत ही महंगा होता है। इसलिये मैं अडानी ग्रुप से सहयोग मिलने के लिए उनका आभारी हूं। '' प्रज्ञानानंदा ने पिछले कुछ वर्षों में तेजी से ऊपर की ओर कदम बढ़ाये हैं और इस दौरान मैग्नस कार्लसन सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को पराजित किया है। उन्होंने शतरंज के समर्थन के लिए कोरपोरेट जगत को आगे आने की जरूरत पर ध्यान दिलाते हुए कहा, ''शीर्ष स्तर के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेना काफी मुश्किल हो सकता है क्योंकि ये काफी मंहगे होते हैं। '' उन्होंने कहा, ''मेरे माता पिता को वित्तीय परेशानियों का सामना करना पड़ा था लेकिन मेरा पहला प्रायोजक मिलने के बाद थोड़ी मदद मिली। '' अडानी ठ्रुप की एक विज्ञिप्त में प्रज्ञानानंदा ने कहा, ''यह मुश्किल था क्योंकि मेरी बहन भी खेल रही थी और उसे भी टूर्नामेंट के लिए यात्रा करनी पड़ती थी। इसलिये खेलों के लिए कोरपोरेट प्रायोजक काफी जरूरी हैं। ''

उनकी बड़ी बहन आर वैशाली टोरंटो में फिडे महिला कैंडिडेट्स में संयुक्त उप विजेता रही थीं। चेन्नई के इस युवा खिलाड़ी ने यह भी कहा कि शतरंज के 14 राउंड खेलने के लिए खिलाड़ी को शारीरिक रूप से भी फिट होना चाहिए और वह अपनी फिटनेस के लिए बैडमिंटन और बीच वॉलीबॉल खेलते हैं। उन्होंने कहा, ''कैंडिडेट्स की तैयारी के लिए मैं शारीरिक रूप से फिट होने के लिए कुछ खेल खेल रहा था। मैं शिविर के दौरान व्यायाम कर रहा था। हमें शतरंज की ट्रेनिंग के इतर शारीरिक ट्रेनिंग के लिए भी कुछ निश्चित समय दिया जाता है। हाल में मैंने बीच वॉलीबॉल खेलना शुरू किया।''

प्रज्ञानानंदा ने कहा, 'आपको लंबे टूर्नामेंट के लिए तैयार होने की जरूरत होती है क्योंकि 14 मैच खेलना आसान नहीं है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान फोकस बनाये रखने पर हम काम कर रहे हैं। '' उन्होंने कहा, ''14 मैच खेलना बहुत थकाने वाला होता है। शारीरिक फिटनेस की बात तब सामने आती है जब आप पांच-छह घंटों तक एक ही बाजी खेलते रहते हो। अगर आप पूरे टूर्नामेंट में ऐसा करते हो तो निश्चित रूप से ध्यान लगाये रखना बहुत थकाऊ होता है।



*राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में शामिल हुए और साथी राजस्थानियों से पुणे लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मुरलीधर मोहोल के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान करके उन्हें जिताने की अपील की।*

# राष्ट्रहित और समाज सेवा मारवाड़ियों का मूल स्वभाव- मु.मंत्री भजनलाल

- **पुणे में प्रवासी राजस्थानियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री न यह भी कहा कि, मारवाड़ी समुदाय के लिए हमेशा देश सर्वोपरि होता है।**

पुणे, 10 मई। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पुणे में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में शिरकत की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, पिछले एक दशक में देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीतिक दलों को बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। वर्ष 2014 से पहले, कांग्रेस सरकार के समय देश में भ्रष्टाचार और घोटालों की इबारतें लिखी जाती थीं। उस समय नस्लवाद और आतंकवाद का बोलबाला था। लेकिन मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद केवल एक बार ही ऐसा दुस्साहस हुआ, जिसका भी मुंह तोड़ जवाब दिया गया।

उन्होंने कहा कि, मारवाड़ियों के मूल स्वभाव में समाज सेवा और राष्ट्रिहत निहित है। मारवाड़ी राष्ट्रिहत की नींव से जुड़े होते हैं और देश इनके लिए सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि, 21वीं सदी में भारत को आगे ले जाने के लिए वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरे स्थान की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि, जहां एक तरफ गरीबी हटाने के नाम पर सिर्फ वोट मांगने वाले लोग हैं, वहीं दूसरी तरफ गरीब कल्याण से लेकर देश के विकास, सीमाओं की सुरक्षा एवं दुनिया में देश के गौरव को बढ़ाने वाले मोदी जी हैं। प्रधानमंत्री ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाने का अभूतपूर्व काम किया है।

मु.मंत्री भजनलाल ने उपस्थित जनों से, पुणे लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मुरलीधर मोहोल के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

# 'बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ काफी सबूत'

## दिल्ली राउज़ एवेन्यु कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय किए जाने के दौरान टिप्पणी की

- **राउज़ एवेन्यु कोर्ट में एडिशनल चीफ मैट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने बृजभूषण पर यौन शोषण के साथ महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप भी तय किया।**
- **बृजभूषण के खिलाफ 7 गवाह मिले हैं तथा यौन शोषण की जगहों पर उनकी मौजूदगी के सबूत भी मिले हैं।**
- **आरोप है कि, बृजभूषण शरण सिंह ने रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान महिला पहलवानों का यौन शोषण किया था।**

नई दिल्ली, 10 मई। महिला पहलवानों से यौन शोषण मामले में कैसरगंज से भाजपा सांसद और रैसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यु.एफ.आई.) के पूर्व चीफ बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप तय हो गए हैं। दिल्ली की राउज़ रेवन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को उनके खिलाफ आरोप तय किए। अदालत ने कहा कि, बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।

ज्ञातव्य है कि, दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ बीते साल 15 जून को चार्जशीट दाखिल की थी। बृजभूषण के खिलाफ धारा 354, 354-ए, 354-डी और 506 के तहत आरोप लगाए गए थे।

राउज़ एवेन्यू कोर्ट में एडिशनल चीफ मैट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (ए.सी.एम.एम.) प्रियंका राजपूत ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आदेश पारित किया। अदालत ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के साथ ही किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप भी तय किया है। अदालत ने बृजभूषण के डब्ल्यु.एफ.आई. चीफ रहते उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय किए हैं।

यौन शोषण के आरोप तय होने पर बृजभूषण शरण सिंह ने प्रतिक्रिया भी दी है। उन्होंने कहा, "प्रथम दृष्टया न्यायालय ने आरोप तय किए हैं। चार्जशीट लगी थी। मैंने प्रोटैस्ट किया था। मैं कोर्ट के ऑर्डर का स्वागत करता हूं। अब मेरे लिए ऑप्शन खुले हैं। इस प्रकरण का सामना किया जाएगा।"

बृजभूषण के खिलाफ करीब 7 गवाह मिले हैं। वहीं, यौन शोषण के कथित स्थान पर उनकी मौजूदगी के भी सबूत मिले हैं। चार्जशीट की पहली सुनवाई पर कोर्ट ने इसे एम.पी.-एम.एल.ए. कोर्ट में ट्रांसफर किया था। इसके अलावा, कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को चार्जशीट की एक कॉपी शिकायतकर्ता पहलवानों को देने के आदेश दिए थे।

बालिग पहलवानों के केस में पुलिस ने 1500 पन्नों की चार्जशीट पेश की। इसमें पुलिस ने पहलवानों के सी.आर.पी.सी. की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के आगे दिए बयान को चार्जशीट का प्रमुख आधार माना है। पुलिस ने कहा कि, बालिग पहलवानों ने जिस जगह पर उनके साथ यौन शोषण के आरोप लगाए हैं, वहां आरोपियों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं।

## हेमंत सोरेन को राहत नहीं मिली

नयी दिल्ली, 10 मई। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को भी कोई राहत नहीं दी और कहा कि उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने इस मामले में तीन मई के उच्च न्यायालय

- **सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन की याचिका पर अगले सप्ताह विचार करने की बात कही।**

के आदेश का संज्ञान लेते हुए कहा कि, सोरेन की अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत में दायर याचिका, जो सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रहने की अवधि को देरी का आधार बनाकर दायर की गई थी, का अब कोई अर्थ नहीं रहा।

पीठ ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर उस याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि, झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली सोरेन की गुहार पर वह अगले सप्ताह विचार करेगी।

## 'चुनाव प्रचार में भाग लेना न तो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनाव में प्रचार करने का अधिकार कोई संवैधानिक, मौलिक और यहाँ तक कि विधिक अधिकार भी नहीं है। किसी भी राजनेता को चाहे वह चुनाव में प्रत्याशी ना भी हो, तब भी कभी चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई और चुनाव लड़ने वाला कोई प्रत्याशी यदि जेल में है तो उसे खुद के चुनाव प्रचार के लिए भी कभी अंतरिम जमानत पर रिहा नहीं किया गया।"

जाँच एजेन्सी ई.डी. ने अपने शपथ पत्र में कहा कि "कोई भी राजनेता किसी सामान्य नागरिक से अधिक के विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकता और उसे कोई अपराध करने पर देश के किसी अन्य नागरिक की भांति गिरफ्तार किया जा सकता है और जेल में बंद किया जा सकता है। ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जिनमें न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान राजनेताओं ने चुनाव लड़े और उनमें से कुछ जीते भी, लेकिन चुनाव प्रचार के लिए उन्हें कभी अंतरिम जमानत नहीं दी गई।"

शपथ पत्र में कहा गया है कि "यदि चुनाव प्रचार के अधिकार को अंतरिम जमानत मंजूर करने का आधार माना जाए तो इससे अनुच्छेद 14 के सिद्धान्तों का उल्लंघन होगा क्योंकि अपराध करने वाले किसी किसान के लिए फसल कटाई के लिए अंतरिम जमानत लेना भी उना ही महत्वपूर्ण है और किसी कंपनी का डायरैक्टर, कंपनी बोर्ड की मीटिंग या वार्षिक आम मीटिंग के लिए भी अंतरिम जमानत की मांग कर सकता है।"

ई.डी. ने केजरीवाल को दिल्ली के आबकारी घोटाले का "सरगना" और मुख्य षड़यंत्रकर्ता बताते हुए शीर्ष अदालत से कहा कि केजरीवाल को नौ समन जारी किए गए थे, लेकिन उनके बावजूद वह "पूछताछ" से बचते रहे जिससे ई.डी. के जाँच अधिकारी को यकीन हो गया कि वे मनी लॉण्ड्रिंग के दोषी हैं।

ई.डी. ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत नामंजूर करने का बैंच से अनुरोध करते हुए कहा कि "यह ना केवल विधि के निर्धारित सिद्धांतों के खिलाफ होगा, बल्कि इससे "विधि का शासन," जो कि संविधान की मूल अवधारणा हैं का भी उल्लंघन होगा।"

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल अपनी अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान अपने कार्यालय अथवा दिल्ली सचिवालय में नहीं जा सकते। कोर्ट ने जमानत शर्तों के रूप में उन पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं।

बैंच ने केजरीवाल से कहा कि वह 21 दिन की अपनी अंतरिम जमानत अवधि के दौरान किसी ऑफिशियल फाइल पर तब तक हस्ताक्षर नहीं करेंगे, जब तक कि उस पर दिल्ली के लैफ्टिनैंट गवर्नर का अनुमोदन लेना बेहद जरूरी ना हो। बैंच ने केजरीवाल को यह निर्देश भी दिया कि वे जेल अधीक्षक की तुष्टि के लिए 50,000 रूपए की जमानत का मुचलका भरें।

शीर्ष अदालत ने कहा कि "केजरीवाल वर्तमान केस से संबंधित अपनी भूमिका को लेकर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे और इस केस से संबंधित किसी गवाह से बातचीत नहीं करेंगे और केस से संबंधित किसी सरकारी फाइल तक अपनी पहुंच नहीं बनाएंगे।" कोर्ट ने केजरीवाल को राहत प्रदान करते हुए कहा कि "इसमें कोई संदेह नहीं इनके विरूद्ध गंभीर आरोप हैं, लेकिन यह भी है कि इनका अभी तक दोष सिद्ध नहीं हुआ है। इनकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं रही है और ये समाज के लिए भी खतरा नहीं हैं।"

## हेमंत सोरेन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बचाया जा सके। मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को समझा है।"

इसी दौरान केजरीवाल जिनको एनफोर्समैंट डायरेक्टोरेट (ई.डी.) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था, को शीर्ष अदालत ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उन दलीलों को खारिज कर दिया कि, केजरीवाल को जमानत देने से राजनीतिज्ञ आम आदमी की तुलना में विशिष्ट माने जाएंगे। कोर्ट ने माना है कि आम चुनाव "इस वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण और अहम आयोजन है" और "असाधारण महत्व" के हैं। कोर्ट ने यद्यपि, केजरीवाल की जमानत पर कुछ शर्तें रखी हैं जिनके अनुसार केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे और किसी आधिकारिक फाइल पर दस्तखत तब तक नहीं करेंगे जब तक कि वह फाइल उपराज्यपाल से किसी जरूरी अनुमति/भुगतान के लिए ऐसा करना जरूरी न हो।

## केजरीवाल को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कार्यालय में भी नहीं जाएंगे।

जमानत अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें समर्पण करना होगा और वो 2 जून को वापस जेल जाएंगे।

शर्त यह भी है कि मामले के किसी भी गवाह से बातचीत नहीं करेंगे और न ही वे इस केस से संबंधित कार्यालय की फाइल देखेंगे।

## 'भारत को परमाणु...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और वो ऐसा करके पाकिस्तान के आंतकवाद की ढाल बनने की कोशिश करती है। यहां पार्टी के मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस आदतन माफी मांगने वाली पार्टी और पाकिस्तान व उसके आतंकवाद की रक्षक बन गई है, जबकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि "असल में अय्यर के बयान ने राहुल गांधी व सम्पूर्ण कांग्रेस की विचारधारा व नीतियों की पोल खोल दी है और इस बयान से उनकी पाकिस्तान के साथ नजदीकियों का पता चलता है जो आतंकवाद को प्रायोजित करता है और वे पाकिस्तान के लिए प्रचारक के तौर पर काम कर रहे हैं। अय्यर के इस कथन पर कि, भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न पाकिस्तान से डरना चाहिए, पर मंत्री चन्द्रशेखर ने कहा: "यह नया भारत है जो किसी से नहीं डरता है।" उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की यह सामान्य प्रक्रिया है कि वह ऐसे नेताओं के बयानों से पार्टी को अलग कर लेती है और बाद में उन्हें ईनाम देती है।

## 'कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हवाले से कहा गया है कि 'यह आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर शंकाए पैदा करता है।"

कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में कहा था, आयोग ने मतदान के आंकड़े जारी करने में "अत्यधिक विलंब किया है" और प्रारंभिक आंकड़ों की तुलना में अंतिम आंकड़ों में "ऊंची वृद्धि" हुई है जो ईवीएम को लेकर भी कुछ सवाल उठाते हैं।

आयोग ने जवाब में कहा है कि आपने डेटा जारी करने के समय और उसमें वृद्धि को उन निर्वाचन क्षेत्रों के साथ जोड़ा है जहां सत्तारूढ दल ने 2019 में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। आप ने यह आरोप लगा दिया कि, ये सब बातें चुनाव परिणाम को प्रभावित करने का प्रयास हैं।

आयोग ने खड़गे को लिखा है कि, उन्होंने अपने पत्र के विषय में जांच करने लायक तथ्यों और उच्चतम न्यायालय के पहले आ चुके स्पष्ट निणर्यों के बाद भी एक पक्षपात पूर्ण कहानी प्रस्तुत करने की कोशिश की है।

# बीजापुर में नक्सलियों से मुठभेड़ में 12 नक्सली मरे, दो जवान घायल

- **मौके से पुलिस को भारी मात्रा में हथियार भी मिले है।**
- **पुलिस सूत्रों ने बताया कि, पीड़ा के जगलों में दंतेवाडा, बीजापुर और सुकमा जिलों की पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही की, इसमें जिला रिज़र्व पुलिस बल, टॉस्क फोर्स व केन्द्रीय सुरक्षा बल भी शामिल थे।**

बीजापुर, 10 मई। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पीड़ा के जंगलों में आज सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ में देर शाम तक मृतक नक्सलियों की संख्या बढ़ कर ग्यारह हो गयी। वहीं, दो जवान घायल हो गए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं तथा सर्च अभी भी जारी है। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि, बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर पीड़ा के जंगलों में नक्सलियों का बड़ा लीडर होने की सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा, तीन जिलों के जवानों ने शुक्रवार सुबह से संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया। इसके तहत जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल सहित कोबरा बटालियन समेत 12 सौ से अधिक जवानों ने इलाके को घेर लिया।

कमलोचन ने बताया कि, सुबह से जारी मुठभेड़ के बाद सर्च अभियान शुरू किया गया। देर शाम तक नक्सलियों के ग्यारह शव बरामद किए गए और भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए, जिसमें बारह बंदूकें भी शामिल हैं। मुठभेड़ के दौरान पास के ही केन्द्रीय सुरक्षा बल के कैम्प से पुलिस के उच्च अधिकारी कमान संभाले हुए थे। इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

# शराब के ठेके चलाने की अवधि...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि, आचार संहिता लगने के कारण उनके पास नई निविदा आमंत्रित करने का समय नहीं था और यह मामला राज्य सरकार के राजस्व से संबंधित है इसलिए टाला नहीं जा सकता था।**

किया था।

मामले के तथ्यों के अनुसार राज्य सरकार ने इस वर्ष "लिकर पॉलिसी 2024-25" को जारी किया और इस नीति के अनुसार जनवरी-फरवरी में शराब के ठेकों के लाइसेंस के आवंटन के लिये निविदा आमंत्रित की। परंतु जब 50 प्रतिशत से भी अधिक लाइसेंस धारकों ने निविदा में भाग नहीं लिया, तब राज्य सरकार की ओर से ना केवल एकतरफा कार्रवाई करते हुए लाइसेंस धारकों की अवधि बढ़ाई, बल्कि इन लाइसेंस धारकों को कहा कि वे उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा राशि को जब्त कर लेंगे। राज्य सरकार ने कहा कि यह आदेश जून तक जारी रहेगा, उसके बाद पुनः नई निविदा आमंत्रित की जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि 500 पीड़ित लाइसेंस धारक अदालत के समक्ष पहुंचे तो उन्होंने कहा कि उन्होंने निविदा में भाग इसलिये नहीं लिया क्योंकि उन्हें राज्य सरकार को तय दर पर राजस्व देने में भारी घाटा हो सकता था। उन्होंने अदालत को कहा कि नियमानुसार राज्य सरकार उन्हें एकतरफा कार्रवाई करके उन्हें विवश नहीं कर सकती कि उनकी लाइसेंस की अवधि बढ़ाई जाये।

दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि यह मामला राज्य सरकार के राजस्व से संबंधित है और राज्य सरकार के पास शराब के ठेकों के आवंटन के लिये दूसरी निविदा आमंत्रित करने का समय नहीं था क्योंकि आचार संहिता लगा दी गई थी। उन्होंने कहा कि कानून के तहत वे लाईसेंस धारकों को नोटिस देकर यह आदेश दे सकते थे कि वे कब और कैसे शराब के ठेके संचालित करें। इस पर प्रतिक्रिया करते हुए याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार लाईसेंस धारकों को 31 मार्च तक ही नोटिस दे सकती थी जो लाईसेंस की अवधि का समय था, उसके बाद नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास अन्य एजेंसिया भी हैं, जो इन ठेकों का संचालन कर सकती हैं, परंतु याचिकाकर्ताओं को घाटे पर ठेकों का संचालन करने के लिये विवश नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय प्रश्न यह है कि याचिकाकर्ताओं को नई सरकार में ठेके चलाने में घाटा क्यों हो रहा है जबकि नई लिकर पॉलिसी और पुरानी लिकर पॉलिसी में कोई खास अंतर नहीं है। इस सवाल का जवाब अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से नहीं दिया गया। पर यह सवाल जरूर उठता है कि क्या पिछली सरकार में कई लाइसेंस धारकों को लाभ की गारंटी थी?

बहरहाल अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिये हैं कि याचिकाकर्ताओं के द्वारा दी गई सुरक्षा राशि को चार हफ्ते में लौटाया जाये और यदि सरकार उससे अधिक समय लेती है तो उसे छह प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।

# देश भर में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होंगे

## अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मालिनी अग्रवाल ने मीडिया से वार्ता में यह जानकारी दी और कहा कि, नए कानूनों में पीड़ितों और न्याय पर फोकस किया गया है

- **इन कानूनों के लागू होने के बाद से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा।**
- **पांच हजार रुपए से कम चोरी के मामलों में तथा छह अन्य श्रेणी के अपराधों में सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है।**

जयपुर, 10 मई। भारतीयता को ध्यान में रखते हुए, नए आपराधिक कानून "पीड़ित केन्द्रित" बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव के साथ लाए गए हैं। जिनमें न्याय और पीड़ित पर फोकस किया गया है। गृह मंत्रालय एवं पत्र सूचना कार्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकारों के लिए, तीन नए आपराधिक कानूनों पर जयपुर में आयोजित कार्यशाला "वार्तालाप" में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस ट्रेनिंग, डॉ. मालिनी अग्रवाल ने ये विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से तीन नए अपराधिक कानून देशभर में लागू हो जाएंगे। आज साइबर अपराधों कि संख्या में बढ़ोतरी हुई है। नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, 25 दिसंबर 2023 को कानून बन गए, इसके साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नए युग की शुरुआत हुई है। तीन नए प्रमुख कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। उन्होंने कहा कि, नए कानूनों के साथ आने वाले समय में फॉरेंसिक लैब की सुविधा को जिला स्तर पर भी स्थापित किया जाएगा।

इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि, इस वार्तालाप का उद्देश्य नए कानूनों की जानकारी मीडिया के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाना है, ताकि वे इन कानूनों के प्रति जागरूक हो सकें।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के सी.डी.टी.आई. से जुड़े समन्वयक, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगमोहन शर्मा ने बताया कि, इन कानूनों के लागू होने के बाद से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। यह कानून तारीख-पे- तारीख के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे और देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि 35 धाराओं में समयसीमा निर्धारित की गई है। इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने के तीन दिन के भीतर दर्ज करने का प्रावधान है। साथ ही यौन उत्पीड़न के मामलों में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि भगोड़े अपराधियों की गैर-मौजूदगी के मामलों में 90 दिनों के भीतर केस दायर करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों के भीतर फैसला देना होगा। छोटे-मोटे मामलों में सामुदायिक दण्ड का प्रावधान रखा गया है। पांच हजार रुपए से कम की चोरी के मामलों में सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है तथा छह अपराधों में सामुदायिक सेवा का प्रावधान है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के सी.डी.टी.आई. से जुड़े समन्वयक, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक चौहान ने बताया कि, भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध पर एक नया अध्याय लिखा गया है, जिसके अंतर्गत उनके खिलाफ अपराधों से संबंधित करीब 35 धाराएं हैं। जिनमें लगभग 13 नए प्रावधान हैं और शेष में कुछ संशोधन किए गए हैं। सामूहिक दुष्कर्म में 20 साल का या आजीवन कारावास और नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म में मौत की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा यौन संबंध के लिए झूठे वादे करना या पहचान छुपाना अब एक अपराध की श्रेणी में होगा। पीड़िता के घर पर किसी महिला अधिकारी की मौजूदगी में बयान दर्ज करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही पीड़िता के अभिभावकों की मौजूदगी में उसका बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा तलाशी की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य की गई है। साथ ही दुष्कर्म पीड़िता के ई-बयान का प्रावधान भी किया गया है। इसके अलावा अदालत में ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग पेश करने का प्रावधान किया गया है। इन कानूनों के अनुसार गवाह, अभियुक्त, विशेषज्ञ और पीड़ित अदालत में वर्चुअल माध्यम से पेश हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि, भगोड़े अपराधी के दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष या अधिक की सजा, आजीवन कारावास या मौत की सजा का प्रावधान किया है। भगोड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए अन्य देशों के साथ मिलकर आवश्यक कदम उठाए जाने का प्रावधान किया गया है। संगठित अपराधों पर नए प्रावधान बनाए गए हैं। आतंकवाद को परिभाषित करते हुए इसके प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूत किया गया है और आतंकवादी कृत्यों के लिए मृत्युदंड व आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है।

गृह मंत्रालय द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन एडवोकेट निशीथ दीक्षित ने कहा कि, पुलिस की जांच से लेकर अदालत की कार्यवाहियों को डिजिटल किया जाएगा। नए कानूनों में ई-रिकॉर्ड का प्रावधान किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ज़ीरो एफ.आई.आर., ई-एफ.आई.आर. और चार्जशीट डिजिटल होंगी। पीड़ित को 90 दिनों के भीतर सूचना प्रदान की जाएगी और 7 साल या उससे अधिक की सजा के प्रावधान वाले मामलों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य होगी।

उन्होंने बताया कि, राजद्रोह को निरस्त कर देशद्रोह को परिभाषित किया गया है। इसमें भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ कार्यों के लिए 7 साल तक की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि, नव संशोधित आपराधिक कानून बेहद सरल हैं और सहजता के साथ अध्ययन करने पर इन्हें आसानी से समझ जा सकता है। उन्होंने कहा कि, तीनों कानून सर्वोच्च न्यायालय के कई ऐतिहासिक फैसलों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। इन कानूनों के लागू होने से न्याय त्वरित गति से मिलेगा, साथ ही मुकद्मों की संख्या भी कम होगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी मान्य होंगे।

**सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908